कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 319, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 15 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### भारत-चीन सैन्य झड़प पर चर्चा की मांग नामंजूर होने पर विपक्ष ने दोनों सदनों से किया बहिर्गमन

## तवांग: संसद में गतिरोध जारी

**नई दिल्ली।** विपक्षी पार्टियों ने बुधवार को भारत-चीन की सेना के बीच अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में हुई झड़प के मामले में चर्चा की मांग ठुकराए जाने पर विपक्ष ने दोनों सदनों से बहिर्गमन किया। लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के और राज्यसभा में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में विपक्ष ने बहिर्गमन किया। संसद की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व ही विपक्ष की 17 पार्टियों ने इस मुद्दे पर रणनीतिक विचार-विमर्श कर लिया था। विपक्ष झड़प को लेकर स्पष्टीकरण और चर्चा चाहता है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्षी चीन की आक्रामकता और उसके भारतीय क्षेत्र में कब्जे से जुड़ी संपूर्ण जानकारी पर चर्चा चाहता है। उनकी पार्टी सहित विपक्ष सेना के साथ पूर्ण समर्थन से खड़े हैं। इस पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि उनके पास मुद्दे पर चर्चा को लेकर कोई नोटिस नहीं है।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाया और चर्चा की मांग की। चौधरी ने कहा कि 1962 में युद्ध के समय भी संसद में चर्चा हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 165 सांसदों को इसमें बोलने का मौका दिया था। हम इस मुद्दे पर चर्चा चाहते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चर्चा की अनुमति नहीं देते हुए कहा कि इस विषय पर कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में फैसला होगा।



### उत्तराखंड सीमा पर बढ़ी सतर्कता

**उत्तरकाशी। अरुणा**चल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच संघर्ष के बाद चीन से सटी उत्तराखंड सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। नेलांग घाटी में सेना और अग्रिम मोर्चे पर तैनात भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवान की चौकन्नी निगाह है। उत्तरकाशी से धारचूला बॉर्डर तक इन दिनों माइनस 10 डिग्री तापमान में भारत के हिमवीर डटे हैं। गलवान घाटी के हिंसक संघर्ष के बाद दूसरी बार यहां सेना ने सतर्कता बढाई है। उत्तराखंड में उत्तरकाशी, चमोली एवं पिथौरागढ़ तक लगभग 340 किमी. में चीन सीमा है। उत्तरकाशी की नेलांग घाटी में सेना और अग्रिम मोर्चे पर तैनात भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवान की चौकन्नी निगाह है। चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी भी सामरिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। बीते 9 दिसंबर को वायु सेना के चीता हेलीकाप्टर यहां पहुंचे थे। पांच दिसंबर की रात्रि के समय भी फाइटर प्लेन के जरिये अभ्यास किया गया था। वायुसेना के लड़ाकू विमान पहली बार उत्तरकाशी से होते हुये चीन सीमा तक रेकी करने गए थे। इस हवाई पट्टी पर वायु सेना ने पूर्व में कई बार लड़ाकू विमानों की सुरक्षित लैंडिंग और टेकऑफ करने के अभ्यास किए हैं।

### विरोध पर हिंद महासागर से बाहर निकला चीनी जासूसी जहाज

**नई दिल्ली। भारत** और अमेरिका के विरोध जताने के बावजूद कुछ दिन पहले हिंद महासागर क्षेत्र में प्रवेश करने वाला चीनी मिसाइल ट्रैकिंग पोत यांग वांग-5 अब इस क्षेत्र से बाहर निकल गया है। लंबी दूरी के निगरानी ड्रोन और समुद्री गश्ती विमान सहित भारतीय नौसेना के जहाजों से इस चीनी जासूसी जहाज की लगातार निगरानी की जा रही थी। चीन के दो जासूसी जहाज युआन वांग-6 और युआन वांग-5 तीन माह से हिंद महासागर क्षेत्र में चक्कर लगा रहे थे। चीन अपने जहाज युआन वांग-6 और युआन वांग-5 को 'रिसर्च शिप' कहता है, यानी एक ऐसा नौसैनिक जहाज जिसका काम समुद्र में वैज्ञानिक अनुसंधान करना है। भारत और अमेरिका इन्हें 'स्पाई शिप' मानते हैं, यानी एक ऐसा जहाज दो दूसरे देशों की जासूसी करने के लिए तैनात किया जाता है। युआन वांग 5 नाम का चीनी नौसैनिक जहाज 16 अगस्त को श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंचा था। उस समय भारत और अमेरिका ने विरोध जताकर श्रीलंका से चीनी जहाज को अपने यहां ठहरने की इजाजत न देने को कहा था। दरअसल, हंबनटोटा पोर्ट के लिए चीन ने श्रीलंका को 1.5 अरब डॉलर का कर्ज दिया था, जिसे नहीं चुकाने पर चीन ने इस पोर्ट को श्रीलंका से 99 साल की लीज पर लिया है। यही वजह है कि भारत और अमेरिका के विरोध जताने के बावजूद श्रीलंका चीनी जहाज को हंबनटोटा पोर्ट पर लंगर डालने से नहीं रोक पाया। हंबनटोटा पोर्ट से तमिलनाडु के कन्याकुमारी की दूरी करीब 451 किलोमीटर है।

## एनआईए ने आतंकवाद के दर्ज किए 497 मामले

**नई दिल्ली। सरकार** ने राज्यसभा में बताया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अब तक आतंकवाद के 497 मामले दर्ज किए हैं। इनमें से 67 मामलों में फैसला सुनाया गया है, जिनमें से 65 में दोष सिद्ध हुआ है। गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्य सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2 दिसंबर 2022 तक एनआईए ने कोयम्बटूर बम विस्फोट सहित 497 मामले दर्ज किए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय अड़चनों वाले मामलों सहित गंभीर प्रकृति के मामले एनआईए को बिना किसी पक्षपात अथवा पूर्वाग्रह के सौंपे जाते हैं। राय ने बताया कि एनआईए द्वारा की गई ।




### बच्चों में बढ़ती नशे की लत, गंभीर मामला

**नई दिल्ली।** बच्चों में बढ़ती शराब और नशे की लत को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस केएम जोसेफ ने कहा कि यह बहुत ही गंभीर मामला है। इससे हम सभी का सरोकार है। जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले को चीफ जस्टिस के पास भेजते हुए आग्रह किया कि इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लिए गए एक मामले के साथ सुनवाई की जाए। सुनवाई के दौरान एनजीओ बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से पेश वकील एच एस फुल्का।

## जीएसटी ने उद्योगपतियों को बर्बाद किया: राहुल



**सवाईमाधोपुर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का बुधवार को राजस्थान में दसवां दिन है। यात्रा सुबह छह बजे सवाई माधोपुर के भाडोती से शुरू हुई और सुबह 10 बजे बामनवास के बाढ़ श्यामपुरा टोंड में यात्रा का लंच ब्रेक हुआ। इसके बाद यात्रा दोपहर 3:30 शुरू हुई और शाम 6:30 बजे दौसा जिले के लालसोट के बगड़ी गांव चौक में नुक्कड़ सभा के साथ संपन्न हुई। यहीं पर बिलोना कलां में यात्रा का रात्रि विश्राम होगा। बुधवार शाम छह बजे यात्रा का सवाई माधोपुर से दौसा जिले में प्रवेश हो जाएगा और अब कई दिन यात्रा दौसा जिले में ही रही। सुबह 6 बजे यात्रा शुरू होने के साथ ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित कई अन्य नेता राहुल गांधी के साथ चल रहे थे। यात्रा में आज आरबीआई के पूर्व गवर्नर एन रघुराम राजन जुड़े हैं। राहुल गांधी ने राजन के साथ लंबी चर्चा की। टी ब्रेक तक लगातार दोनों बातचीत करते हुए चल रहे थे। आर्थिक मुद्दों पर रघुराम राजन बेबाक राय रखते रहे हैं। राहुल गांधी और रघुराम राजन के बीच आधे घंटे से ज्यादा समय बातचीत हुई। दोनों ने एक डॉक्यूमेंट्री के लिए आर्थिक मुद्दों पर अपनी राय रखी। रघुराम राजन को यूपीए के दूसरे कार्यकाल में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का गवर्नर बनाया गया था। रघुराम राजन सितंबर 2013 से सितंबर 2016 तक आरबीआई के गवर्नर रहे हैं, इससे पहले वो प्रमुख अर्थशास्त्री भी रहे। यात्रा के दौरान राहुल गांधी स्थानीय लोगों से भी मिले और उनसे उनके हालचाल जाने, साथ ही गहलोत सरकार के कामकाज को लेकर लोगों से फीडबैक लिया। यात्रा के 16 दिसंबर को 100 दिन पूरे हो जाएंगे।

### वित्त मंत्री ने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था अन्य देशों की तुलना में बेहतर और मजबूत

## महंगाई को और कम करेगी सरकार: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा को आश्वासन दिलाया कि सरकार महंगाई को कम करने के लिए कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई पर लगातार नजर रखने के साथ उसमें कमी लाने के लिए कई जरूरी कदम उठाए हैं। इससे नवंबर में खुदरा महंगाई दर 6.77 से घटकर 11 महीने के निचले स्तर 5.88 फीसदी पर और थोक महंगाई दर घटकर 21 महीने के निचले स्तर 5.85 फीसदी पर आ गई है।

वित्त मंत्री ने बुधवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि आम लोगों के लिए महंगाई को और कम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। सीतारमण ने कहा कि मंदी का कोई खतरा नहीं है। भारत कम महंगाई के स्तर के साथ तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने राजकोषीय घाटे को लेकर कहा कि सरकार चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6.4 फीसदी के लक्ष्य को पूरा करने में सक्षम होगी। सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांग में मूल बजट की केवल आठ फीसदी की अतिरिक्त मांग की गई है। वित्त मंत्री ने संकेत दिया कि आगामी बजट सत्र में चालू वित्त वर्ष के लिए एक बार और अनुदान की अनुपूरक मांगों को पेश किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के समय वित्त वर्ष 2008-09 में वैश्विक आर्थिक संकट के बाद दो अनुपूरक मांगें प्रस्तुत की गई थीं। इसमें बजट के अतिरिक्त 20 फीसदी राशि की मांग रखी गई थी। वित्त मंत्री के जवाब के बाद लोकसभा ने वित्त वर्ष 2022-23 के अनुदान की अनुपूरक मांगों के पहले बैच और वित्त वर्ष 2019-20 के लिए अनुदान की अतिरिक्त मांगों तथा इससे संबंधित विनियोग विधेयकों को मंजूरी दे दी। अनुपूरक मांग के तहत 3.25 लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त व्यय के लिए संसद की मंजूरी मांगी थी। वित्त मंत्री ने चर्चा के दौरान विश्व बैंक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 500 अरब डॉलर से ज्यादा होने और भारत की आर्थिक वृद्धि को अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज गति से बढ़ने की बात भी कही गई है।



## यूक्रेन पर रूसी हमला: कीव की कई इमारतें ध्वस्त

**कीव।** यूक्रेन पर रूस ने एक बार फिर जोरदार हमला किया है। यूक्रेन की राजधानी कीव की कई प्रमुख सरकारी इमारतें ध्वस्त कर दी गयीं। यूक्रेन के कई शहरों की बिजली गुल हो गयी है। इस बीच कीव के मेयर ने रूस के दस ईरानी ड्रोन मार गिराने का का दावा किया है। यूक्रेन पर रूसी हमले के दसवें महीने में भी आक्रामकता में कोई कमी नहीं आई है। रूसी सेनाओं ने यूक्रेन के कई शहरों में एक साथ ईरानी ड्रोन से हमले किए हैं। ये शहर बबार्दी की हालत में पहुंचने से स्थितियां भयावह हो गयी हैं। कई शहरों की बिजली गुल हो गयी है। केवल ओडेसा शहर में 15 लाख लोगों के घरों की बिजली गुल है और लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो रहे हैं। यूक्रेन की राजधानी कीव में भी धमाकों की गूंज सुनी गयी है। कीव पर भी ईरानी ड्रोन से हमले किये गए हैं। इस कारण शहर की प्रमुख सरकारी इमारतें ध्वस्त हो गयी हैं। यूक्रेनी खुफिया विभाग के उपप्रमुख जनरल वादिम स्कीबित्सकी ने बताया कि अब रूस हमले में यूक्रेन की ही मिसाइलों का इस्तेमाल कर रहा है।



## बिहार: जहरीली शराब से 21 की मौत

**छपरा/पटना।** बिहार के सारण जिले में शराब ने कहर बरपाया है। मंगलवार रात से बुधवार तक जहरीली शराब पीने से 19 लोगों की मौत से हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन ने इस घटना में फिलहाल किसी भी तरह की शराब के सेवन से इनकार किया है लेकिन मृतकों के परिजनों का दावा है कि सभी की मौत जहरीली शराब पीने से हुई है। छपरा सदर अस्पताल के डॉक्टर धनंजय कुमार के मुताबिक सभी लोगों ने किसी संदिग्ध लिकर का सेवन किया था। यह संदिग्ध लिकर क्या है, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चलेगा। मढौरा डीएसपी ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मशरख और इसुआपुर इलाके में देसी शराब की बड़ी खेप पहुंची थी, जिसे 50 से ज्यादा लोगों ने पिया था। 20 से ज्यादा लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी ने 20-20 रुपये में देसी शराब के पाउच खरीदकर पीया था। सभी लोग एक किलोमीटर के दायरे में आसपास रहते हैं। परिजनों के मुताबिक सभी ने शराब पी थी। इसके बाद उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। थोड़ी देर में आंखों से दिखाई देना बंद हो गया। जैसे ही घर लौटे तो कुछ देर बाद तबीयत बिगड़ने लगी। अचानक से तेज बुखार चढ़ गया। उल्टियां होने लगीं। पेट दर्द की शिकायत होने लगी। अस्पताल ले जाने के दौरान ही मंगलवार की रात पांच लोगों की मौत हो चुकी थी। बाकी की मौत बुधवार को इलाज के दौरान हुई है। इनके अलावा पांच अन्य लोगों की मौत का दावा उनके परिजन कर रहे हैं। इनमें हरेंद्र राम पुत्र गणेश राम निवासी मशरख तख्त, मंगल राय पुत्र गुलराज राय निवासी मशरख, अजय गिरी पुत्र सूरज गिरी, ललन राम पुत्र करीमन राम निवासी मशरख और प्रेमचंद साह पुत्र मुनिलाल साह निवासी रामपुर अटौली, इसुआपुर हैं।

लोगों की माने तो मौत का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। जहरीली शराब की भनक प्रशासन को लगते ही सदर अस्पताल छावनी में तब्दील हो गया। देर रात तक पुलिसकर्मी और प्रशासनिक पदाधिकारी भाग-दौड़ करते देखे गए। हालांकि, जहरीली शराब के सेवन पर कुछ भी बोलने से कतराते रहे हैं।



## पर्यावरण की रक्षा करके हम मानवाधिकारों की रक्षा कर सकते हैं: मुर्मू

**नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण** दिवस के अवसर पर बुधवार को यहां राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार, राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता नवाचार पुरस्कार और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने इस अवसर पर ईवी-यात्रा पोर्टल भी लॉन्च किया। निकटतम सार्वजनिक ईवी चार्जर के लिए इन-व्हीकल नेविगेशन की सुविधा के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ईवी-यात्रा पोर्टल विकसित किया गया है। राष्ट्रपति ने इस मौके पर कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रदूषण से मुक्त वातावरण में सांस लेने, प्रगति करने और स्वस्थ जीवन बिताने की परिस्थितियां सुनिश्चित करना हम सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वच्छ हवा में सांस लेना एक बुनियादी मानव अधिकार है। पर्यावरण की रक्षा से ही अनेक मानवाधिकारों की रक्षा संभव हो सकेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों का सामना करते हुए ऊर्जा संरक्षण एक वैश्विक और राष्ट्रीय प्राथमिकता है। यद्यपि भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन और ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन विश्व औसत के एक तिहाई से भी कम है, फिर भी एक जिम्मेदार देश के रूप में भारत, पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि सीओपी-26 में भारत ने लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट यानी लाइफस्टाइल का संदेश दिया था, जिसमें विश्व समुदाय से पर्यावरण अनुकूल जीवन-शैली अपनाने का आग्रह किया था। भारतीय संस्कृति और परंपरा में, हमारी जीवनशैली हमेशा लाइफ के संदेश के अनुरूप रही है। प्रकृति का सम्मान करना, प्राकृतिक सामग्री को बर्बाद न करना और प्राकृतिक संपदा को बढ़ाने के उपाय करना ऐसी जीवन-शैली का अभिन्न अंग होता है। उन्होंने कहा कि भारत इस तरह की जीवन शैली को अपनाने की दिशा में पूरे विश्व समुदाय को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। जी-20 में भारत की अध्यक्षता का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जी-20 देश दुनिया की कुल जीडीपी में 85 प्रतिशत और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में 75 प्रतिशत का योगदान करते हैं।



## अमर्यादित भाषा के लिए माफी मांगें नीतीश कुमार : सुशील मोदी

**पटना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि बिहार विधानसभा में भाजपा सदस्यों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को माफी मांगनी चाहिए। जहरीली शराब से फिर 20 लोगों की मौत पर दुखी होने और शराबबंदी की समीक्षा करने के बजाय इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री का आवेश में आना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वे बात-बात पर आपा खो रहे हैं। भाजपा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि भाजपा पूर्ण मद्यनिषेध के पक्ष में है। इसकी समीक्षा होनी चाहिए और समीक्षा का मतलब शराबबंदी समाप्त करना नहीं है।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार शराबबंदी लागू करने में पूरी तरह विफल हैं जबकि यह गुजरात में बेहतर तरीके से लागू है। बिहार में शराबबंदी लागू होने के बाद 6 साल में 1000 से ज्यादा लोग जहरीली शराब पीने से मरे, 6 लाख लोग जेल भेजे गए और केवल शराब से जुड़े मामलों में हर माह 45 हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में रोजाना 10 हजार लीटर और महीने में 3 लाख लीटर शराब जब्त की गई। जब इतनी बड़ी मात्रा में शराब आ रही है, तब सरकार शराबबंदी लागू करने में अपनी विफलता स्वीकार करे।

# मेजा ऊर्जा निगम में फर्जी नियुक्ति पत्र व गेट पास लेकर पहुंचा युवक, धराया

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** कोहड़ार स्थित मेजा ऊर्जा निगम में जूनियर इंजीनियर की फर्जी नियुक्ति पत्र एवम गेट पास लेकर पहुंचे युवक को सीआईएसएफ जवानों ने सन्देह पर दबोच लिया। जवानों ने युवक को स्थानीय पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस युवक से गहन पूछताछ में जुट गई है।भदोही जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र के नजरपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार यादव पुत्र उमाशंकर यादव कोहड़ार स्थित मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य गेट पहुँचें। उन्होंने गेट पर सीआईएसएफ जवानों को फर्जी गेट पास एवम इलेक्ट्रिकल



जूनियर इंजीनियर का नियुक्ति पत्र दिखाया। जवानों ने सन्देश पर निगम के एचआर दफ्तर में सूचना दी। युवक के नियुक्ति पत्र की एचआर टीम ने जांच के बाद फर्जी बताया। इसके बाद जवानों ने युवक को मेजा पुलिस बुलाकर सुपुर्द कर दिया।बताया जाता है कि युवक बीते वर्ष 2018 में इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड से आईटीआई पास करने के बाद नौकरी हेतु माह भर पूर्व शक्तिनगर ऊर्जा निगम में परीक्षा दिया। इसके बाद किसी ने उसे साठ हजार में मेजा ऊर्जा निगम का फर्जी नियुक्ति पत्र एवम गेट पास दिया। युवक नौकरी ज्वाइन करने पहुचां तो सीआईएसएफ जवानों ने दबोच लिया।

### सीआईएसएफ जवानों ने युवक को पकड़ा

प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर मिश्र ने बताया कि मेजा ऊर्जा निगम के सीआईएसएफ जवानों ने फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर नौकरी ज्वाइन करने पहुंचे युवक को दबोच कर सुपुर्द किया है। युवक से पूछताछ की जा रही है। ऊर्जा निगम की ओर से तहरीर मिकने पर अभियोग दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

## छात्र को मारपीट कर किया लहूलुहान

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** त्रिवेणीपुरम के निकट मंगलवार की देर शाम कुछ युवकों ने बीटेक के छात्र को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। देवनगर कालोनी निवासी शिवेंद्र सिंह बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र है। मंगलवार की शाम वह त्रिवेणीपुरम में बस से उतरकर अपने घर जा रहा था। आरोप है कि तभी कुछ लोग वहां पहुंचे और अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उसे लाठी-डंडे, राड व ईंट-पत्थर से मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने छात्र की तहरीर पर अंकित समेत 20 अज्ञात के खिलाफ बल्वा, मारपीट व एससी-एसटी के तहत केस दर्ज किया।

## मारपीट कर पाच लोगों को पुलिस ने किया चालान

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के राजूपुर गांव में जमीन को लेकर मारपीट कर रहे तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार शांति भंग में चालान कर दिया। राजूपुर गांव निवासी अंशुमान बिंद व गोरे लाल के बीच जमीन का विवाद चला आ रहा है। बुधवार की सुबह उसी बात को लेकर दोनों आपस में मारपीट कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस अंशुमान, गोरे लाल व अनिल को थाने उठा लाई और शांतिभंग में चालान कर दिया। वही चमनगंज में पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट कर रहे कमलेश यादव व ऋषभ सिंह को पुलिस थाने उठा लायी और शांतिभंग में चालान कर दिया।

## प्राथमिक विद्यालय सेहुंडा में शिक्षक संकुल की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**



**बारा।** बारा तहसील के विकास खण्ड जसरा के प्राथमिक विद्यालय सेहुंड़ा में बुधवार को शिक्षक संकुल की बैठक हुई। टिकरी संकुल के समस्त शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए एआरपी गिरीश सिंह ने बताया कि कक्षा एक से तीन तक के बच्चों हेतु निपुण लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। उक्त कक्षा के समस्त शिक्षकों को अपने बच्चों को निपुण बनाते हुए समयानुसार लक्ष्य हासिल करना है। ए आर पी सतीश कुशवाहा ने बताया कि बच्चों की ट्रैकिंग एवम आकलन करते हुए लक्ष्य प्राप्त करना प्राथमिकता होनी चाहिए। एआरपी जितेन्द्र मिश्र व प्रमोद मिश्र ने सूचनाओं का समयानुसार प्रेषण एवम निपुण भारत मिशन की सफलता हेतु सम्पूर्ण मनोयोग से जुटने पर बल दिया। प्र.अ. मनीता जायसवाल ने आये हुए शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अमोघ चन्द्र मिश्रा, उषा कुमारी, चन्द्र प्रकाश सिंह, अंजू चौरसिया, निधि श्रीवास्तव, राम विजय विश्वकर्मा, प्रतिमा वर्मा, किरण लता, ललिता गौतम, गजेन्द्र सिंह, रावेन्द्र सिंह, सोनिया श्रीवास्तव, सरिता कुमारी गुप्ता, वंदना श्रीवास्तव, साधना यादव, अवधेश यादव, बलवंत कुमार सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत मऊआइमा के भंग होने के बाद जनप्रतिनिधि चुनावी मैदान में कूदे

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** नगर पंचायत मऊआइमा का कार्यकाल12 दिसम्बर को समाप्त हो गया। सभी जनप्रतिनिधि अब जनता के बीच पहुंच कर मतों की भीख मांगना शुरू कर दिए हैं। जिससे पूरा क्षेत्र चुनावी माहौल में बदलता जा रहा है। जनपद की सबसे पुरानी नगर पंचायत मऊआइमा की स्वीकृति 1921 को हुई तथा स्थापना 1939 को हुई । मऊआइमा नगर पंचायत की इस समय कुल जनसंख्या 35 हजार के आस पास है जबकि मतदाताओं की संख्या सोलह हजार के लगभग पहुंच चुकी है। 2017के चुनाव में चौदह वार्डों के सदस्य एंव अध्यक्ष की बैठक 12 दिसम्बर 2017को हुई थी। इसी आधार पर 12 दिसम्बर 2022 को सभी का कार्यकाल समाप्त हो गया। अब नगर पंचायत की कमान एसडीएम सोरांव डाक्टर कंचन और आधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा के हाथ में आ गई है। सभी वार्डों एंव अध्यक्ष का आरक्षण हो चुका है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किसी को कहीं से भी आरक्षण पर आपत्ति नहीं है। नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी सामान्य है। और मुस्लिम बहुल्य क्षेत्र होने के कारण यहां सभी दल मुस्लिम प्रत्याशी ऊतारते चले आ रहे हैं। लगातार दो बार सपा से शोएब अंसारी फिर तीसरी बार सपा से उनकी पत्नी फातमा अंजुय चुनाव जीत चुके हैं अब चौथी बार शोएब अंसारी सपा से फिर मैदान में कूदे हैं।

## बुवाई के वक्त नहरें सूखीं और समितियों में डीएपी गायब

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** गेहूँ की बुवाई का सीजन चल रहा है लेकिन क्षेत्र की नहरों में पानी नहीं है। इसके अलावा कुछ समितियों को छोड़कर अन्य समितियों में डीएपी भी नदारद है, वहीं किसानों को समय पर सस्ती दरों पर खाद,बीज आदि उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्र में 15 समितियां खोली गई हैं। जसरा में घूरपुर, चिल्ला, जारी, बारा, जसरा, लोटाढ़, शंकरगढ़ में अतरसुइया, बड़गडी, सुरबल साहनी,शंकरगढ़, अकौरिया, शिवराजपुर, गोइसरा, नौढिया उपरहार में डेढ़ महीने से डीएपी नहीं थी।दो दिन पहले क्षेत्र की सात समितियों जसरा, घूरपुर, सुरबल साहनी,शंकरगढ़, भारतनगर, बड़गडी और



शिवराजपुर में डीएपी खाद पहुंचने से किसानों को कुछ राहत मिली है। क्षेत्र में लगभग 24 हेक्टेयर भूमि पर गेहूँ की बुवाई की जाती है।समितियों से 52554 किसान जुड़े हुए हैं।गेहूँ की बुवाई के लिए लगभग दो हजार मीट्रिक टन डीएपी की खपत होती है।किसानों की माँग के मुताबिक अभी क्षेत्र में लगभग 1500 मीट्रिक टन डीएपी की जरूरत है।पिपरांव के ओमप्रकाश, रेही के विजयप्रकाश, चामू के पुष्पराज, सेहुंडा के प्रांजल त्रिपाठी और शानू दीदी ने बताया कि समय पर नहरों में पानी और समितियों में खाद नहीं मिल पाती है।एडीओ कोऑपरेटिव राकेश सिंह ने बताया कि सात समितियों पर डीएपी पहुँची है, जल्द ही सभी समितियों तक खाद पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।इस आश्वासन से कुछ राहत मिलती दिखाई दे रही है लेकिन बारा तहसील क्षेत्र का अधिकांश भू-भाग पठारी होने के कारण खेतों की सिंचाई का मुख्य स्रोत नहर ही है।गेहूँ की बुवाई के सीजन में डेढ़ महीने से अधिक समय से नहर बन्द चल रही है।विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नहरों की सफाई के लिए पानी की आपूर्ति बन्द की गई थी, अब सफाई का काम पूरा हो गया है, जल्द ही पानी छोड़ा जाएगा।



## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 57 जोडों की मऊआइमा में हुई शादी

### एक मुस्लिम जोडे को मौलाना शेष को पंडित ने कराई शादी

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को मऊआइमा विकास खंड परिसर में सम्पन्न हुआ। जिसमें 57 जोडों की शादी करायी गयी।जिसमें जोडों के अभिभावकों ने भी हिस्सा लिए। मऊआइमा विकास खंड परिसर में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 56 जोडों की शादी मंत्र उच्चारण के साथ बबलू पंडित और जयप्रकाश मिश्रा ने करायी। जब कि एक जोडा मुस्लिम को कारी रहमत उल्ला ने निकाह पढाया। सभी नवविवाहित जोडों को दस हजार का गहना और सामान आदि के साथ 35 हजार कन्या को दिया गया।इस मौके विधायिका गीता पासी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी, एम एल सी प्रतिनिधी शयाम सुन्दर दुबे (,बीडीओ श्याम नारायण चतुवेर्दी ) एडीओ (आई एस बी) राकेश कुमार, पांडेय,अशोक विश्वकर्मा उर्फ गुड्डू, , नूरुद्दीन सैफी, मेराज आरिफ, सुभाष यादव,कन्हैया लाल गुप्ता , ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश पटेल, ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्रशेखर, अनवर हुसैन, जिला पंचायत सदस्य अंकेश पटेल, राकेश पटेल उर्फ गुड्डू, शिव बाबू, महेश कुमार, संजय यादव,समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह में 78 वर वधू परिणय सूत्र में बंधे

### इंद्रप्रस्थ गेस्ट हाउस कोरांव में 11 मांडा ब्लाक, शेष कोरांव ब्लाक के तीन मुस्लिम जोड़े सहित परिणय सूत्र में बंधे

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव प्रयागराज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह कोरांव में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक डॉ राजमणि कोल ने 78 जोड़े वर वधुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार सारे जाति धर्म मजहब के लोगों के गरीब बेटियों की शादियां देहज कु प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से एक मंडप में करा रही है।जिससे गरीब की बेटियां परिणय सूत्र में बंध जाएं और दहैज प्रथा समाप्त हो। समारोह में तीन मुस्लिम वर वधुओं का निकाह मौलाना सरफुद्दीन रिजवी ने पढ़ाया। विधायक कोरांव ने वर वधुओं को प्रत्येक जोड़ो से जा जा कर मिले और उनके वैवाहिक जीवन के मंगलमय की कामना कर आशीर्वाद प्रदान किया। राजमणि ने कहा कि बेटियां अपने ससुराल जाकर अपने सास ससुर की माँ बाप की तरह सम्मान एवं सेवा करें और गृहस्थ जीवन को समुचित रूप से सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक विवाह एवं निकाह कार्यक्रम समाज में भाजपा सरकार की सबका साथ सबका विकास नीति के तहत एकता के संदेश के रूप में समाज को जोड़ने का काम कर रही है। विधायक ने कहा कि सरकार वर वधुओं को दहेज नहीं बल्कि उपहार स्वरूप कन्यादान में कुछ सामान एवं नकद राशि प्रदान कर रही है जिससे समाज का अत्यंत



पिछड़ा गरीब मजदूर वर्ग भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके। विधायक ने कहा कि पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा मात्र बीस हजार की अनुदान राशि देता रहा जिसे भाजपा सरकार ने अब इक्यावन हजार रुपये कर दिया है। जिससे सभी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में ही शादियां करें। उन्हने कहा कि इसी तरह श्रम विभाग के पंजीकृत श्रमिकों के बेटियों की सामूहिक शादियां सरकार कराने जा रही है जिसका आयोजन सम्भवतः एक मार्च 2023 को प्रयागराज में होगा। उन्होंने अधिकारियों और सम्बंधित विभाग को आगाह किया कि पात्रों को इस योजना का लाभ अवश्य मिलना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की मनमानी लापरवाही बरदास्त नहीं कि जाएगी। उन्होंने मांडा क्षेत्र के वर वधु और बिडियो मांडा की टीम तथा कोरांव के बीडियो और उनकी टीम तथा क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं गांव के कर्मचारियों के प्रयास से सकुशल सम्पन्न हुई शादी के आयोजन की हौंसला अफजाई किया और वर वधुओं के परिजनों एवं रिस्तेदारो को देहज प्रथा समाप्त करने के लिए ऐसे आयोजनों में वीआईपी लोगो की उपस्थिति में शादियां सम्पन्न कराने का आहव्हान किया और कहा कि ये वर वधु बहुत भाग्यशाली हैं जिनकी शादी में प्रदेश के मंत्रों सांसद विधायक एवं अधिकारी व आमजन भी शामिल होते हैं।कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख मुकेश कुमार कोल, बीडीओ कोरांव मुकेश कुमार सिंह, बीडीओ मांडा अमित मिश्रा, आदि ने अतिथियों का स्वागत किया और वर वधुओं को अपने पति सास ससुर आदि की सेवा सम्मान कर सुखमय जीवन बिताने की अपील किया।समाज कल्याण विभाग के एडीओ आरिफ खान, एडीओ पंचायत डीसी पाठक, जेई आरएस जगनारायण, तथा भाजपा के अजित प्रताप सिंह, संतरा देवी निषाद, रामकृष्ण केसरी, धीरेन्द्र सिंह इंस्पेक्टर कोरांव, ए ए सिद्दीकी उर्फ शहजादे महामंत्री प्रधान संघ, रामानुज यादव ब्लाक अध्यक्ष प्रधान संघ, राजू सिंह प्रधान भलुहा, बबुआन द्विवेदी एवं पत्रकारों आदि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। और कई लोगों ने विचार व्यक्त कर वर वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया, ।संचालन साहित्यिक कवि बबलू सिंह बहियारी ने किया। अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल ने की।

## विभिन्न निर्माण कार्यों में नियोजित श्रमिकों के पंजीयन का प्रस्ताव

### अपात्रों को दिए गए अनुदान पात्रों की अनदेखी अक्षम्य: राजनाथ

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव ।प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड श्रम विभाग के एक जागरूक और योग्य सदस्य द्वारा अध्यक्ष और अपर मुख्य सचिव श्रम उत्तर प्रदेश सासन लखनऊ को पत्र द्वारा विभिन्न श्रेणियों के नियोजित निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण किए जाने तथा उन्हें निर्माण कार्यदाई संस्थाओं द्वारा उप कर के अतिरिक्त




दान के माध्यम से उन्हे सहायता के रूप में समाज की मुख्य धारा से जोडने का अनुरोध किया है। बी ओ सी डब्लू बोर्ड के सक्रिय सदस्य राजनाथ एडवोकेट एवं सोशल एक्टिविस्ट ने १२ दिसंबर २०२२ को श्री सुरेश चंद्रा अपर मुख्य सचिव श्रम/अध्यक्ष को पत्र लिख कर मांग किया है कि क्रेशर प्लांट, ईट भट्ठे, पत्थर आदि की खदानों में कार्य करने वाले हजारों श्रमिकों को मात्र प्रयागराज मंडल में ही कार्यरत हैं,उन्हें कैंप लगा कर श्रमिक पंजीकरण कराए जाने के निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने बताया कि ऐसे स्थलों पर विभिन्न श्रेणी के कार्यरत मजदूर जन सुविधा केंद्रों पर नहीं पहुंच पाते,क्योंकि उनके एक दिन की दिहाड़ी मजदूरी का नुकसान होता है। श्री राजनाथ ने पत्र में यह भी दशार्या है कि संगम नगरी होने के नाते विश्व स्तर पर हर साल लगने वाले माघ मेला,कुंभ आदि पर्वों पर ससमय कार्य करने वाले हर स्तर के श्रमिकों का योगदान होता है, जिसमें उनके भी शिविरों के माध्यम से श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाना नितांत आवश्यक है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि ऐसे प्रतिष्ठानों,ठीकेदारों,कार्यदाई संस्थाओं,एजेंसियों द्वारा श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण भी मुहैया नहीं कराया जाता और न ही स्मयंतर्गत सेस जमा किया जाता है। और न ही समुचित मदद प्रदान की जाती है। इसका कड़ाई से पालन कराया जाय।

इसी तरह सदस्य बोर्ड राजनाथ को कुछ संस्थाओं और श्रमिकों के ग्रुप ने अवगत कराया कि बोर्ड में पंजीकृत पात्र श्रमिक सदस्यों द्वारा प्रयागराज मंडल में हजारों योजनाओं के अनुदान फार्म श्रम विभाग के जांच अफसरों ने मनमाने ढंग से सुविधा शुल्क के अभाव में श्रमिक नहीं है कह कर निरस्त कर दिए गए और अपात्रों के फार्म बिचौलियों के जरिए तत्कालीन श्रम अफसरों ने स्वीकृत कर दिए जाने की शिकायतें संज्ञान में आई है। और यह भी संज्ञान में आई है कि जिनके पुत्रियां ही नहीं हैं उन्हे भी पुत्री विवाह के अनुदान दे दिए गए हैं। किंतु उसे दबा दिया गया है। इसकी जांच सासन स्तर से होगी। और दोषी श्रम अफसरों को बक्सा नहीं जायेगा।

उन्होंने बताया यह भी संज्ञान में बात आई है कि जिन पंजीकृत गरीब श्रमिकों की मृत्यु के बाद दुर्घटना मृत्यु अंत्येष्टि सहायता योजना के आवेदन विधवाओं ने किए थे सुविधा शुल्क न पाने के कारण श्रम इंस्पेक्टरों में यह कह कर निरस्त कर दिए गए कि मृतक श्रमिक श्रमिक नहीं था। जबकि ग्राम पंचायत द्वारा लिखित रूप से दिए गए साक्ष्य और शपथ पत्रों के बावजूद विधवाओं को लाभ नहीं दिया गया जो धर्म नाक है। इसकी भी शिकायतों को संज्ञान लिया गया है बोर्ड से जांच टीम गठित कराकर ऐसे अनुदान फर्मों को तलब कराकर पत्रों को लाभान्वित कराएंगे साथ ही दोषी अफसर के विरुद्ध सासन स्तर से दंडित कराया जायेगा। और दलालों के खिलाफ एक्शन लिया जायेगा।

### मऊआइमा में आल इंडिया मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को

**मऊआइमा।** राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने के उद्देश्य से मऊआइमा कस्बे में 16 दिसंबर को अखिल भारतीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी सईद अंसारी और जियाउद्दीन मुशायरे के आयोजकों ने देते हुए बताया कि मऊआइमा कस्बे के बैहराना चौराहा स्थित रॉयल पैलेस गेस्ट हाउस में आयोजित अखिल भारतीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का संचालन जमील साहिर मालेगांव एवं मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी सुरेंद्र चौधरी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर नदीम इंतखाब करेंगे।

## रहस्यमय ढंग से युवक गायब मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** तीन दिन पूर्व एक युवक दोपहर को घर से निकला परन्तु घर वापस नहीं लौटा। परिजन किन्हीं अनहोनी से सहमे हुए। मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटरादयाराम दयाराम निवासी मोहम्मद आजाद पुत्र स्वर्गीय अब्दुल हफीज का कहना है कि उसका उन्नीस वर्षीय पुत्र मोहम्मद आजम 10 दिसम्बर को घर से निकला परन्तु तमाम तलाशने के बाद भी नहीं मिल रहा है।

परिजन किन्हीं अनहोनी से सहमे हुए हैं और बुधवार को मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## ऑल अखिल भारतीय वित्तविहीन विद्यालय संगठन का कार्यक्रम



**अखंड भारत संदेश**

**कोराव/प्रयागराज।** इलाहाबाद झांसी शिक्षक क्षेत्र से विधान परिषद के अधिकृत प्रत्याशी श्री अशोक राठौर के समर्थन में अखिल भारतीय वित्तविहीन विद्यालय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज तिवारी जी के नेतृत्व में कोरांव के निम्न विद्यालयों में संपर्क किया गया जिसमें शिक्षकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है, अबकी बार सिर्फ और सिर्फ अशोक राठौर,1-बागेश्वरी देवी इंटर कॉलेज, 2-रजवंती देवी इंटर कॉलेज, 3-लक्ष्मी नारायण इंटर कॉलेज, 4-नवोदय विद्यालय, 5-सदा सहाय माता हाई स्कूल, 6-कमल गोइंदीबालिका इंटर कॉलेज,7-गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज, 8-चौधरी शिव जोखन सिंह इंटर कॉलेज, 9-चौधरी जगदेव सिंह इंटर कॉलेज, 10-यश यश पाल इंटर कॉलेज, 11-सरदार पटेल इंटर कॉलेज, 12-लोकमनइंटर कॉलेज,13-गोस्वामी तुलसीदास इंटर कॉलेज, 14-, एस एस के इंटर कॉलेज, 15-सबरी बालिका इंटर कॉलेज, मे शिक्षकों से संपर्क करके को मतदाता पर्ची दी गई तथा अशोक राठौर जी को प्रथम वरीयता का मत देने का अपील किया गया, इस बार सिर्फ और सिर्फ अशोक राठौर, श्री तिवारी जी के साथ कमलेश जी, सत्यम जी, प्रदीप जी जनसंपर्क में शामिल थे।

## सभी कामों से पहले ईश्वर का स्मरण करना जरूरी- अवनीश आचार्य

**धनूपुर।** धनूपुर के धारूपुर गांव में भागवत कथा के पंचम दिन तक आचार्य अवनीश भाई ने भगवान के विविध अवतारों, राजा परीक्षित के जन्म, कर्म और मोक्ष की कथा, श्रीकृष्ण के द्वारका गमन आदि के बारे में बताया।कहा कि इस युग में मनुष्य सत्संग से ही अपने भावों पर नियंत्रण रख सकता है। सत्संग मिलना भी मनुष्य के लिए सौभाग्य होता है, इसलिए मनुष्य को जब भी कभी सत्संग मिले तो निश्चित ही वहां समय देना चाहिए। कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही लोगों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। मनुष्य को अपने कार्य करने चाहिए, लेकिन उससे पहले ईश्वर का स्मरण बेहद जरूरी है।कथा के मुख्य यजमान श्याम कमल पांडेय ने आरती की। पंकज पांडेय, संजीव पांडेय द्वारा कथा में उपस्थित श्रोताओं में प्रसाद वितरण कराया गया। इस दौरान मनोज पांडेय, राहुल पांडेय, मनीष शुक्ला, चंद्रकांत पांडेय प्रधान चक्रसुदर्शन, अभिनव पांडेय, अशोक पांडेय आदि सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# खान मुबारक बनकर पूर्व विधायक से मांगी पांच लाख की रंगदारी, आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मैं नैनी सेंट्रल जेल से खान मुबारक बोल रहा हूं। बहुत पैसा कमा लिए हो, पांच लाख रुपये की रंगदारी नहीं दी तो बम से उड़ा दिए जाओगे। मंगलवार दोपहर को एक अनजान नंबर से पूर्व विधायक बारा डॉ. अजय कुमार को यह धमकी दी गई। पूर्व विधायक ने तत्काल इसकी सूचना नैनी पुलिस को दी। पूर्व विधायक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते 24 घंटे के अंदर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के दाउदनगर मोहल्ले के रहने वाले डॉ. अजय कुमार बारा विधानसभा से दो बार विधायक रह चुके हैं। वह पूर्व प्रमुख चाका व एससी एसटी आयोग के सदस्य भी रह चुके हैं। मंगलवार दोपहर उनके फोन पर एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि मैं नैंनी सेंट्रल जेल से खान मुबारक बोल रहा हूं। इसके बाद उसने धमकी देते हुए उनसे पांच लाख रुपये की रंगदारी की मांग की।रंगदारी नहीं देने पर बम से उड़ाने की धमकी भी दी गई। पूर्व विधायक ने नैनी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। नंबर ट्रेस करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के अंदर धमकी देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बांदा जिले के पलानी थाना कैथी गडरिया गांव निवासी प्रदीप विश्वकर्मा और प्रयागराज के लालापुर थाना क्षेत्र के नगरवार गांव निवासी नान उर्फ हर्ष पाठक को गिरफ्तार किया है।दोनों युवकों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया। पूर्व विधायक डॉ. अजय कुमार ने बताया कि मंगलवार को अनजान नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। इंस्पेक्टर नैनी बृजेश सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक से पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने के मामले में नंबर ट्रेस कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## विकास खंड करछना के डीहा ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर तालाब की खुदाई कार्य जेसीबी से

**करछना।** विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत डीहा में नवनिर्मित अमृत सरोवर तालाब की खुदाई मजदूरों के हक पर पानी फेर रहे हैं गांव के प्रधान विदित हो कि मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों का हक छीन कर जेसीबी से तालाब की खुदाई का कार्य किया जा रहा है बुधवार को ग्राम पंचायत डीह में अमृत सरोवर तालाब की खुदाई करने पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि डीहा इसकी जानकारी ग्रामीणों को होने पर तत्काल संक्षम अधिकारियों को सूचना दी जिस पर खंड विकास अधिकारी ने तत्काल चल नई जेसीबी को रुकवा दिया।

# मेजा में अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलटी स्कार्पियो,मवेशी को बचाने में हुआ हादसा

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** प्रयागराज के मेजा में जफरा-मसौली इलाके में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने स्कॉर्पियो में सवार 4 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

मिश्रपुर गांव निवासी धर्मराज यादव ने बीते 16 नवंबर को स्कॉर्पियो खरीदी था। उनके घर परिवार के लोग आज दर्शन करने निकले थे। इस दौरान रास्ते में स्कॉर्पियो सड़क हादसे का शिकार हो गई। सड़क किनारे हुई सड़क दुर्घटना में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। मौके पर मौजूद राहगीर पुष्पेंद्र वर्मा के मुताबिक हादसा इतना भयावह था कि स्कार्पियो कई दफा पलटने के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। लेकिन उसमें सवार सभी लोग सुरक्षित रहे।

## छुट्टा मवेशियों के चलते हादसे में बढ़ोतरी

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** क्षेत्र में आये दिन छुट्टा मवेशियों के कारण सड़क हादसे का लोग शिकार होते आ रहे हैं। लेकिन स्थानीय अधिकारी बेखबर हैं। जबकि क्षेत्र में कुल चार गोवंश आश्रय स्थल निर्मित कराए गए हैं। लेकिन यह स्थल केवल कागजों तक ही समिति हैं और हादसे निरन्तर बढ़ रहे हैं।

# बैंक की लाभकारी योजनाओं का लाभ लें: संजय



**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** बैंक द्वारा चलाई जा रही प्रत्येक योजनाएं ग्राहकों के लिए हितकर और लाभकारी हैं।इनकी जानकारी के बाद लोगों को चाहिए कि समय से इनका लाभ लें।यह बातें बुधवार को रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इ.का.के सभागार में वित्तीय सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक शाखा करछना और सार्या सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूद शाखा प्रबन्धक संजय कुमार जैसवार ने कही।इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना,फसल सुरक्षा योजना, प्रधानमन्त्री जीवन ज्योति योजना समेत कई लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आन लाइन ट्रान्जक्सन के बारे में समझाया। कार्यक्रम में मौजूद एडीओ क्वापरेटिव सोनल ने केवल ३प्रतिशत की दर से कृषि ऋण प्राप्त करने समेत चिकित्सा जीवन बीमा आदि के बारे में जानकारी दी।प्रशिक्षिका नीतू चौबे ने लाकर सुविधा,आवास ऋण,कृषि यंत्र आदि की खरीद पर बैंक द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने बैंक अधिकारी का स्वागत आभार प्रकट करते हुए समय से इनका लाभ उठाने के लिए लोगों को जागरूक किया।इस मौके पर मो.परवेज सिद्दीकी,सुरेश कुमार, विजय सिंह,कमला शंकर त्रिपाठी, रमेश तिवारी,जगतपाल,अशोक सिंह, विशेष ओझा,राजकुमार विश्वकर्मा,विमला देवी,जीतेन्द्र कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

# इसौटा के लोगो के अदमय साहस और शाहपुर कि उद्यमिता को नमन: योगेश



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** यात्रा के आज चौथे दिन शाहपुर में रात्रि विश्राम के बाद सुबह प्रधान अजीत निषाद ने अपने समर्थको संग गांव कि सीमा तक पहुंचाया , मई गांव में यात्रा पहुंचने पर प्रधान पुष्पराज सिंह व पूर्व प्रधान राज प्रताप तिवारी ने अपने समर्थको संग स्वागत किया।

झाड़ियाही गांव में प्रधान राजेश निषाद व महेंद्र तिवारी ने अपने समर्थको संग स्वागत किया, पिपराव पहुंचने पर अनूप तिवारी , रमेश सिंह ,बब्बू सिंह अपने समर्थको संग स्वागत किया, धनधुआ पहुंचे पर पूर्व प्रधानाचार्य बाल मुकुंद तिवारी , लाल बहादुर तिवारी , सुरेश मिश्र जी ने स्वागत किया, ककरही में रामू पांडेय और तेज बली सिंह पूर्व प्रधान ने स्वागत किया, पिपरहट में पंकज मिश्रा और लखापुर हरवारी में भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ल ने अपने सैकड़ो समर्थको और गाजे बाजे के साथ स्वागत किया , पालपट्टी पहुंचने प्रधान अमीन सिंह ने सैकड़ो समर्थको संग स्वागत कर आरती और दीपदान में समलित हुए।

यात्रा के दौरान योगेश शुक्ल ने बताया दशकों से इसौता गांव के लोग देश भर में टावर और बड़ी चिमनी के निर्माण में लगे रहे है देश के औडोगिक विकास में यह के लोग ऊंचे ऊंचे टावर बनाने में अपने श्रम और साहस से योगदान देते रहे, ऊंचे टावर से अब तक इस गांव के सैकड़ो लोगो ने अपनी शहादत दी है इतनी दुर्घटनाओं का दंश झेल ने के बावजूद इस गांव के श्रमिको का हौसला नहीं टूटा है आज भी इस गांव के सैकड़ो श्रमिक राष्ट्र के औडोगिक विकास में अपना योगदान दे रहे, इसी प्रकार मेजा के दूर कोने का टौंस तटीय गांव शाहपुर कला के लोगो ने अपनी बदहाली से निपटने के लिए देश के कई महानगरों में जाकर स्वादिष्ट आइसक्रीम बनाने और बेचने का व्यवसाय शुरू किया इस गांव के नवजवानों के अलग अलग ब्रांड के आइसक्रीम इन महानगरों में देश की प्रतिष्ठित और बहु राष्ट्रीय कॉम्पनियो के आइसक्रीम को कड़ी चुनौती दे रहे हैं अपनी टौंस परिक्रमा के दौरान मैं इसौता के साहस और शाहपुर कला कि उदामिता को नमन करता हू। यात्रा में आज सह यात्री अजीत सिंह, नागेंद्र केवट, उमा शंकर गांधी, योगेश मिश्रा, राज पति शर्मा, जय शंकर, मनोज, दीप चंद पटेल, भोले सिंह, रघुनंदन गुप्ता सहित सैकड़ों यात्री रहे। प्रतिनिधि एवम यात्रा संयोजक विनय कुमार ने अपार समर्थन देने के लिए आभार प्रकट किया।



# नैनी पब्लिक स्कूल में बाल मेले का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती संगीता अग्रवाल ने फीता काटकर मेले का शुभारम्भ किया। उसके उपरान्त गणेश व सरस्वती पूजन होने के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और उन्होंने पकवान आदि व्यंजनों का लुप्त लिया। मेले में घुड़सवारी, झूले एवं सेल्फी प्वाइंट का भी आनन्द लिया। बच्चों को कई मनोरंजक गेम भी खिलाये गये और विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। मेले में शान्ति सुरक्षा एवं विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन हेतु विद्यालय के संस्थापक विजय अग्रवाल, प्रीत अग्रवाल, प्रणव उपस्थित रहे। मेले में विद्यालय के अनेक अभिभावकगण भी उपस्थित हुए और उन्होनें विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया तथा मेले का आनन्द लिया। माननीय मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता अग्रवाल ने विद्यालय में पूर्व आयोजित कार्यक्रमों एवं मेले के कार्यक्रमों का पुरस्कार भी छात्र-छात्राओं को वितरित किया। अन्त में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती संगीता अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शुभ आशीर्वाद एवं अपनी शुभ-कामनाएँ दी। अन्त में बच्चो को लेने आये माता-पिता को भी गेम खिलाया गया और पुरस्कृत भी किया गया तथा बच्चो को गुब्बारा एवं स्नेक्स और कोल्डडिंक देकर विदा किया गया।



# हुनरमंद लोगो के सहयोग के लिए हमारी बैंक सहायता प्रदान करेगी

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** हमारा बैंक आपने कार्मिको के साथ न केवल ग्राहकों की संतुष्टि के लिये प्रयासरत है बल्कि क्षेत्र एवं राष्ट्र के विकास में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है। जिस प्रकार हम अपने ग्राहको के प्रति उत्तरदायी है उसी प्रकार ऋण प्राप्त कर्ता भी हमारे बैंक प्रति उत्तरदायी हैं। उक्त बातें बुधवार को बड़ौदा यूँपी बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक सुशील कुमार ने बड़ौदा बैंक के झूंसी शाखा द्वारा आयोजित बैंक व बैंक के ग्राहक विषयक विचार गोष्ठी में व्यक्त किये।

क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ प्रबंधक आशीष रॉय ने विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे पीएम बीएफ एमई, पीएम कुसुम, स्वरोजगार योजना, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की विस्तृत जानकारी दी और क्षेत्रीय जन से लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर प्रीति मिश्रा को पीएम एफ एमई योजनान्तर्गत सरसो का तेल व आटा मिल हेतु, विद्या सागर को एम एस एम ई अन्तर्गत हार्डवेयर व मच्छर ?दानी व्यवसाय हेतु एवं बसन्त लाता शर्मा को पीएम स्वानिधि अन्तर्गत वितरण पासबुक भी क्षेत्रीय प्रबन्धक द्वारा प्रदान दिया गया। गोष्ठी का संचालन व स्वागत शाखा प्रबन्धक बीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, धन्यवाद ज्ञापन शाखा अधिकारी अमृता श्रीवास्तव ने किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 32 जोड़े बंधे एक दूजे के लिए

## सामूहिक विवाह योजना में नहीं बजी शहनाई डीजे और बैंड बाजा - लोगों में दिखा -आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** सिस्टम के मातहतों ने हिंदू रीति रिवाज को किया कलंकित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बिना शहनाई ,डीजे ,बिना बैंड बाजा के हुई रश्म अदायगी क्षेत्रीय लोगों ने आयोजकों के खिलाफ निकाली भड़ास बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकासखंड करछना में बुधवार को आयोजन किया गया जिसमें आयोजकों द्वारा मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी इस योजना को अधिकारियों ने व्यापक पैमाने पर अनदेखी कर सरकार के मंसूबों पर पानी फेर दिया जिसमें हिंदू रस्मो रिवाज को ताक पर रखकर शादी संपन्न कराई गई उपस्थित लोगों में अधिकारियों के खिलाफ गुस्सा एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ से विवाह योजना में हुई धांधली को शिकायत करने के लिए मन बनाया है शादी विवाह इस योजना में कुल 32 जोड़ों की शादी संपन्न हुई जिसमें विकासखंड करछना के 23 विकासखंड चाका के 9 जोड़े शादी के बंधन में बंधे कार्यक्रम के अंत में महिलाओं के समूह द्वारा सांस्कृतिक धार्मिक नित्य का भी आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख करछना श्रीमती सरोज कमलेश द्विवेदी , खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार,अनिल कुमार पटेल ब्लाक प्रमुख चाका , एडीओ पंचायत चाका कमला शंकर, विकास चौधरी सचिव, धर्मेन्द्र सिंह, शान्ती देवी,अजय राना विकास खंड चाका, जमुनापारी भाजपा वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडे शोभनारायण द्विवेदी सुरेश कुमार पांडे, लक्ष्मी शंकर पांडे ,प्रदीप कुमार मिश्रा ,विवेक कुमार मिश्रा, ब्रिजेश द्विवेदी, मनीष शुक्ला ,विजय शंकर यादव ,मनीष यादव अमित यादव संजीव श्रीवास्तव आदित्य कुमार पौडवाल राम सकल, कमल सिंह ,राम रूप सिंह ,अमरेश सिंह, सचिव एवं प्रधान गण सहित ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम से प्रेमी जोड़ा फरार

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** बहादुरपुर ब्लाक में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में विवाह से पहले एक प्रेमी जोड़ा फरार हो गया। जिसकी वजह से हड़कमप मच गया।

समाज कल्याण द्वारा आयोजित विवाह योजना में बहादुरपुर व सहसों ब्लॉक से कुल 41 लाभार्थियों ने आवेदन किया था जिसमें तीन मुस्लिम जोड़े थे। बुधवार को सभी जोड़े अपने-अपने परिजनों के साथ ब्लॉक परिसर में समय पर पहुंचे थे। मोके पर एक मुस्लिम जोड़ा नहीं था खोज बिन शुरू हुई तो पता चला कि वह जिस लड़की के साथ शादी होने थी उसी को लेकर फरार हो गया। दोनों का प्रेम प्रसंग काफी दिनो से चल रहा था लड़की के परिजन शादी के लिए नही तैयार थे। बाद में शादी के लिए दोनों के परिजन मान गए और सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत निकाह निश्चित हुआ था। लेकिन दोनों प्रेमी युगल को निकाह में संशय नजर आने पर ब्लाक परिसर से फरार हो गए।



## सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 38 जोड़े

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** बहादुरपुर विकास खंड परिसर में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 38 जोड़ों ने जन्म जन्मों के बंधन में बंधने के लिए फेरे लिए। आयोजित विवाह कार्यक्रम में वर वधू के साथ ही उनके परिजनों, रिस्तेदार भी भारी संख्या में पहुचे थे। ब्लॉक प्रशासन द्वारा समारोह को भव्यतापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पहले से ही आवश्यक तैयारियां पूरी की गई थीं। विवाह के बाद नव दंपतियों को सरकार द्वारा उपलब्ध उपहारों को भेंट किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी मनोज सिंह, एडीओ पंचायत रमाशंकर तिवारी, ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव उर्फ डब्बू, जिलाध्यक्ष भाजपा गंगापार अश्वनी दुबे, जेई एमआई के साथ उपस्थित ब्लाक कर्मियों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया। ब्लाक प्रमुख अरुणेंद्र यादव ने बताया कि सरकार की तरफ से वधू के खाते में नकदी जमा करने के अलावा, बर्तन, सूटकेस, पायल, बिछिया, चुनरी, कपड़ा व श्रृंगार का सामान भेंट किया गया।



# फोर्ड स्कूल एण्ड कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव




**अखंड भारत संदेश**

**नैनी, प्रयागराज।** काजीपुर स्थित फोर्ड स्कूल एण्ड कॉलेज में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र - छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और सामाजिक संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शुआट्स के प्रति कुलपति प्रो० डॉ० एस० बी० लाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने स्कूल की प्रधानाचार्या और शिक्षिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि नैनी का यह विद्यालय, छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ सदाचार, उनका सर्वांगीर्ण विकास और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिये तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र - छात्राओं ने बेहद अनूठे अंदाज में सामाजिक चेतना को जागृत करने का कार्य किया है। मुख्य अतिथि द्वारा विश्व के कुछ प्रसिद्ध वैज्ञानिको के बारे में भी विस्तार से बताया गया , जिससे छात्र - छात्राएं उन वैज्ञानिको को आत्मसात कर आगे बढ़ सकें

इस अवसर पर छात्र - छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पारंपरिक वस्त्रों में कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। छात्र-छात्राओं द्वारा वेलकम डांस, ड्रिल कलर, ड्रिल जुम्बा , सन फ्लावर , जिंगल बेल, यूनिटी इन डाइवरसीटी समेत कई शानदार प्रस्तुतियाँ की गयीं । नाटक मंचन द्वारा बेटी बचाओ तथा पेड़ बचाओ के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथि रेव्ह० लालचुंगनुंग गंटे ने प्रार्थना कर सभी को अनुग्रहित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्या डॉ० श्रीमती रजनी सिंह एवं उप-प्रधानाचार्य श्री बेन्जमिन पी० थामस ने किया।

# कैंपस ड्राइव में शुआट्स के 36 छात्रों का चयन

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** सैंम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज में निदेशक कैरियर प्लानिंग एण्ड काउन्सेलिंग डा0 देवराज बडुगू ने बताया कि विभिन्न कम्पनियों द्वारा आयोजित प्लेसमेंन्ट ड्राइव में 7 कम्पनियों नरमदा अर्मित फूड प्रा0 लि0, कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लि0, क्रापिन टेक्नोलोजी सोल्यूसन प्रा0 लि0, पैरामिड कन्सल्टिंग, इन्डस बेस्ट मेगा फूड पार्क, डावो इवटेक प्रा0 लि0, जे0के0 सीमेन्ट आदि कम्पनियों ने प्लेसमेंन्ट का आयोजन किया। जिसमे नरमदा अर्मित फूड प्रा0 लि0 में बी0एस0सी डेरिंग, आई डी0डी0-डी0टी0, बी0एस0सी0 फूड के 11 छात्रो, कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लि0 में बी0 एस0 सी एनीमल हसबैन्ड्री एण्ड डेरिंग, आई0 डी0 डी0 डी0 टी0, बी0एस0सी0 फूड और एम0एस0सी डीटी के 09, क्रापिन टेक्नोलोजी सोल्यूसन प्रा0 लि0 में बी0एस0सी एग्रीकल्चर के 01, पैरामिड कन्सल्टिंग में बीटेक कम्प्यूटर सांइस के 01, इन्डस बेस्ट मेगा फूड पार्क में बीटेक फूड इन्जीनियरिंग के 02, डावो इवटेक प्रा0 लि0 में बीटेक कम्प्यूटर सांइस और बीटेक इलेक्ट्रिकल इन्जीनियरिंग के 04 और जे0के0 सीमेन्ट में बीटेक सिविल इन्जीनियरिंग के 08 छात्रों का चयन हुआ इन सातों कम्पनियों में कुल 36 छात्रों का चयन हुआ। निदेशक डा0 देवराज बडुगू, और उनकी टीम ने चयनित सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी। प्रति कुलपति प्रो0 (डा0द्ध आईआर. जोनाथन ए0 लाल ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की।



# सिंचाई करते पिता-पुत्र की विद्युत करंट से मौत



पिता-पुत्र की मौत पर रोते-बिलखते परिजन।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के अंतू थाना क्षेत्र के डड़वा गांव में खेत की सिंचाई करते समय विद्युत स्पषार्घात से पिता-पुत्र की दुखद मौत हो गई। यह सूचना बुधवार की सुबह जब घरवालों व गांववालों को मिली तो कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि डड़वा गांव के निवासी राम नारायण उर्फ मुन्ना वर्मा (60) वर्ष अपने पुत्र शषिकांत वर्मा (26) वर्ष के साथ अपने खेत की सिंचाई कर रहे थे। खेत के बगल ही मचान बना था जिस पर बिजली का तार से बल्ब जलाया जाता था। इसी विद्युत तार से खेत में करण्ट फैला और पिता-पुत्र मौत की गोद में समा गये।

बताया जाता है कि जब वह अचेत हो गये तो उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। यह सूचना धीरे-धीरे चारों तरफ फैल गई जिससे सैकड़ों लोग दर्दनाक हादसे को जानने के लिये मृत परिवार के घर पहुंचे। मृतक के घर पर गांव की सैकड़ों महिलाएं पहुंची थी। ऐसा लग रहा है कि इस घटना ने पूरे गांव को झकझोर दिया है और सभी गमगीन दिखाई दिये।

## ट्रक ने मासूम को रौंदा, मौत से कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बारात आये मासूम की ट्रक की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गयी। कक्षा चार मे पढने वाले छात्र की मौत पर परिजनों मे कोहराम मच गया। सांगीपुर बाजार के भैरवन रोड निवासी दीपक कौशल का पुत्र आकाश कौशल उर्फ आर्यन 10 मंगलवार की रात दस बजे रिश्तेदारी में शादी मे शामिल होने को लेकर धधुआ गाजन स्थित एक मैरिज हॉल मे आया था। देर रात आर्यन नेशनल हाइवे के किनारे खड़ा था। इस बीच तीव्र गति से आ रही एक ट्रक मासूम को रौंदती निकल गयी। मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक आर्यन सांगीपुर के शुकुलपुर में एनबीबीएस पब्लिक स्कूल मे कक्षा चार का छात्र था। दो भाईयो मे वह बड़ा था। मंगलवार को उसके मामा के यहां करहिया बाजार रायबरेली से लालगंज बारात आयी थी। मृतक का पिता सब्जी का व्यापार किया करता है। मासूम की मौत से घर मे परिजनो मे कोहराम मच गया। हालांकि परिजनो ने पुलिस को पीएम न कराने के लिए लिखित तहरीर दी। इस पर पुलिस ने मासूम के शव का पंचनामा कर परिजनो को सुपुर्द कर दिया। इधर दुर्घटना करने वाली ट्रक मौके से फरार हो गयी। बुधवार को मृतक आर्यन का परिजनो ने सुजाखर मरूस्थल पर अंतिम संस्कार कर दिया।

## बालगृह शिशु का अपर जिला जज ने किया निरीक्षण



बाल गृह षिषु का निरीक्षण करते अपर जिला जल।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन में शुकुलपुर स्थित बाबा रामउदित सेवा संस्थान द्वारा संचालित शिशु एवं बालगृह का औचक निरीक्षण करते हुये नीरज कुमार बरनवाल अपर जिला जज एफ0टी0सी0/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शिशु गृह में रखे गये बच्चों को देखा और उनके स्वास्थ्य एवं देखरेख के सम्बन्ध में शिशु गृह के बाल कल्याण अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र से आवश्यक जानकारी प्राप्त किया।

उनके द्वारा बताया गया कि शिशु गृह में वर्तमान समय में कुल 15 बच्चे है जिसमें 09 लड़की व 06 लड़के है जिनमें 02 बच्चे आदित्य व अंकित मंद बुद्धि के है, आदित्य की उम्र 10 वर्ष व अंकित की उम्र 08 वर्ष बतायी गयी। शिशु गृह में सबसे छोटा बच्चा 17 दिन का है जिसका नाम शास्वत बताया गया। शिश्रु गृह में 0 से 01 वर्ष के बीच कुल 08 बच्चे है। इस अवसर पर अपर जिला जज द्वारा शिशु एवं बालगृह के बाल कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण समय-समय पर कराये जाये और बच्चों के शिक्षा ग्रहण करने की भी समुचित व्यवस्था करायी जाये। निरीक्षण के समय कार्यालय में कुल 07 कर्मचारी उपस्थित रहे। शिशु एवं बालगृह के बाल कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि शिशु गृह में कुल 15 कर्मचारियों का स्टाफ है, अधीक्षिक सहित अन्य कर्मचारी अवकाश पर है जो दिन में तीन पालियों में ड्यूटी देते है। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता विश्वनाथ त्रिपाठी, बाल कल्याण अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## खाद्यान्न वितरण की तिथि 19 दिसम्बर तक बढी

प्रतापगढ़। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि माह अक्टूबर, 2022 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को पांच दिसम्बर 2022 से आवश्यक वस्तुओं का वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल (गेहूँ रुपए 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल रुपए 03 प्रति किग्रा0 की दर से) वितरण करया जा रहा है, वितरण की अन्तिम तिथि 14 दिसम्बर निर्धारित है। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रोन्जेक्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया है कि कुछ उचित दर विक्रेताओं को खाद्यान्न का निर्गमन न हो पाने के कारण खाद्यायुक्त द्वारा उपरोक्त आवश्यक वस्तुओं के वितरण का कार्य 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक विस्तारित किया गया है। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि 19 दिसम्बर 2022 को भी उपलब्ध रहेगी।

# सड़कों व नालियों के निर्माण से मोहल्लों को साफ-सुथरा रखने में आसानी: प्रेमलता

### सहोदरपुर, अचलपुर, विवेक नगर व सरोज चौराहा के पास हुआ इंटरलाकिंग सड़क का लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने बुधवार को सहोदरपुर पूर्वी, अचलपुर, विवेक नगर तथा विस्तारित क्षेत्र सरोज चैराहे के बगल इंटरलाकिंग सड़कों और नालियों का लोकार्पण करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिये नागरिकों को आवागमन के लिये सड़क और जल निकासी के लिये नाली का निर्माण कराया गया है। इससे लोगों को अपना मुहल्ला वार्ड साफ-सुथरा रखने में आसानी होगी। सहोदरपुर पूर्वी में प्राथमिक विद्यालय सहोदरपुर के समीप साढे. छह लाख की लागत से विनय सिंह के घर से मुख्य मार्ग तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली का लोकार्पण किया गया। इस लोकार्पण समारोह में क्षेत्र के प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रमुख लोगों में मलय सिंह, इंद्रदेव तिवारी, कन्हैयालाल द्विवेदी, सिद्धनाथ पाण्डेय आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता ज्वाला सिंह ने किया। इसी प्रकार अचलपुर में 5.25 लाख की लागत से बने मुख्य मार्ग से इंद्रदेव तिवारी के घर तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली का लोकार्पण अध्यक्षा द्वारा किया गया। विस्तारित क्षेत्र सरोज चैराहा के बगल तीन लाख की लागत से बनी इंटरलाकिंग सड़क व नाली का लोकार्पण अध्यक्षा द्वारा किया गया। इसी प्रकार विवेक नगर मोहल्ले में चारु नर्सिंग होम के बगल से बृजेष पाण्डेय के घर तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली का लोकार्पण अध्यक्षा द्वारा किया गया। इस मौके पर नगर पालिका के मिथिलेष सिंह, ओम प्रकाष शुक्ला, महेष तिवारी के अलावा नामित सभासद गायत्री शुक्ला मौजूद रहीं।



लोकार्पण समारोह में बोलते पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ।

## निःक्षय दिवस का आयोजन आज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला ने बताया है कि 15 दिसम्बर दिन गुरूवार को प्रथम निःक्षय दिवस का आयोजन सभी जिला स्तरीय चिकित्सालयों, सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (एचडब्लूसी) एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित किया जायेगा। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के सम्बन्ध में जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 सी0पी0 शर्मा ने बताया है कि प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद की सभी चिकित्सा इकाईयों पर हर माह की 15 तारीख को निःक्षय दिवस का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया है कि इस विशेष आयोजन के दौरान क्षय रोग के लक्षण की जानकारी के साथ-साथ ओ0पी0डी0 का 10 प्रतिशत रेफरल किया जायेगा एवं उनके नमूने (बलगम) की जांच की जायेगी। बलगम धनात्मक पाये जाने पर उनका इलाज शुरू किया जायेगा, इसके साथ आशा कार्यकत्रियों द्वारा स्क्रीनिंग के दौरान चिन्हित सम्भावित रोगियों की जांच की जायेगी। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के साथ ही निःक्षय पोषण योजना की जानकारी भी दी जायेगी एवं मरीजों के खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि (रुपए 500 प्रतिमाह) स्थानान्तरित किये जाने हेतु उनसे बैंक खाता की जानकारी भी ली जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

# प्राथमिक विद्यालय चिलबिला में बच्चों को बांटा गया पठन सामग्री



पठन साम्रगी के साथ प्राथमिक विद्यालय के बच्चे।

**अखंड भारत संदेश**

**बिहारगंज, प्रतापगढ़।** समाजसेवी रवींद्र जायसवाल ने प्राथमिक विद्यालय चिलबिला में जाकर करीब 204 बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल व दूध बांटा। इस दौरान रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास स्कूलों में ही होता है। इन्हें कापी, पेन, पेंसिल आदि की आवष्यकता अधिक होती है, इसलिये इसका आज यहां वितरण किया जा रहा है। इस दौरान चिलबिला पश्चिमी वार्ड के सभासद प्रदीप जायसवाल, प्रधानाचार्य दिनेश सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक मोहम्मद हकीम अंसारी, आकांक्षा गुप्ता व संतोष जायसवाल शिक्षामित्र आदि उपस्थित रहे।

## कागजों का फजीर्वाड़ा कर सेना में भर्ती हुए प्रतापगढ़ के 3 युवक, जबलपुर से जांच का आदेश आने पर खुलासा

**प्रतापगढ़।** फर्जी तरीके से चरित्र प्रमाण-पत्र व अन्य कागजात बनवाकर तीन युवक सेना में भर्ती हो गए। दि ग्रेनेडियर रेजीमेंट सेंटर जबलपुर से जब प्रमाण-पत्र की जांच के लिए पत्र आया तो फजीर्वाड़े का पता चला। तीनों युवकों ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, स्थानीय खुफिया इकाई के फर्जी हस्ताक्षर व मुहर का प्रयोग कर अपने प्रमाण-पत्र भेज दिए थे। पूरे मामले की पुलिस ने जांच कर अपनी रिपोर्ट भेज दी। लालगंज तहसील के उदयपुर थाने के पूरे बान के मोनू कुमार, हैपी कुमार और अंकित कुमार ने दि ग्रेनेडियर रेजीमेंट सेंटर जबलपुर में सेना भर्ती देखी। उन्होंने वहां पर जो दस्तावेज जमा किए वह फर्जी थे। जांच के दौरान शंका होने पर दस्तावेजों को प्रतापगढ़ भेजा गया।

# प्राकृतिक खेती की ओर आकर्षित हो रहे किसान

### किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू अवधेशपुरम प्रतापगढ़ द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जनपद के चयनित किसानों को 3 बैचों में प्रशिक्षण दिया गया जिसमें 120 कृषक लाभान्वित हुए। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव ने बताया कि प्राकृतिक खेती का उद्देश्य मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर करना, विविधता को बनाए रखना, पशु पालन सुनिश्चित करना, प्राकृतिक संसाधनों के कुशल उपयोग पर जोर देना और पारिस्थितिक निष्पक्षता को बढ़ावा देना है।

प्राकृतिक खेती एक पारिस्थितिक कृषि दृष्टिकोण है जहां कृषि प्रणाली प्राकृतिक जैव विविधता के साथ काम करती है। प्रशिक्षण के दौरान कृषि वैज्ञानिक यतेन्द्र कुमार ने किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत, दशपर्णी अर्क आदि बनाने की विधि समझाई तथा मृदा स्वास्थ्य संवर्धन और केंचुए की भूमिका पर प्रकाश डाला साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी। शस्य वैज्ञानकि डा. नवीन कुमार सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती को रसायन मुक्त खेती के रूप में परिभाषित किया जाता है। इसमें केवल प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया जाता है, जो फसलों, वृक्षों एवं पशुधन को एकत्रित करती है। प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उर्वरा शक्ति और पर्यावरणीय स्वास्थ्य बढ़ता है। ग्रीन हाउस गैसों उत्सर्जन कम होने के साथ ही किसानों की आय बढ़ती है। प्रसार वैज्ञानिक डा0 अवधेश सिंह ने प्राकृतिक खेती की संभावनाओं पर विस्तार से बताया। पशु चिकित्सक डा0 अमित बरनवाल ने देसी गाय का प्राकृतिक खेती में महत्व समझाया। भाष्कर शुक्ला ने फसल सुरक्षा की तकनीक बताई साथ ही कहा कि कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के होने का मुख्य कारण फसलों में कीटनाशक दवा और रासायनिक खादों का अंधाधुंध प्रयोग करना है। प्राकृतिक खेती करने से किसानों की फसलों में लागत कम होगी और उनके जहां कृषि उत्पाद महंगे बिकने से किसानों की आमदनी भी ज्यादा होगी। इस समापन अवसर पर केन्द्र के वैज्ञानिको सहित किसानों में प्रेमा देवी, आशा देवी, रामसुमेर, सफीक अहमद, रामकुमार, सीमा देवी, ज्योति सुरेश कुमार सहित सभी प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।



ऐंठू में किसानों को प्रशिक्षित करते अधिकारीगण।

# पट्टी नगर पंचायत सहित वार्डो में सियासी सरगर्मी हुई तेज

### पार्टी कार्यालय से लखनऊ तक चक्कर लगा रहे हैं दावेदार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही पट्टी में नगर पंचायत अध्यक्ष तथा वार्ड के सभासद बनने के लिए बेताब दावेदार अब पार्टी कार्यालय से लेकर लखनऊ तक टिकट पाने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। ऐसे में पट्टी नगर में चुनावी सरगर्मी तेज हो चुकी है। सभी दावेदारों को उनके शुभचिंतक पार्टी में प्रभाव रखने वाले नेताओ ने आश्वासन की घुट्टी पिला रखी है कि उन्हें ही टिकट मिलेगा। ऐसे में सभी दावेदार चोरी छुपे लोगों से प्रचार करने में भी जुटे हुए हैं।

पट्टी नगर पंचायत चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के सबसे अधिक दावेदार दिखाई दे रहे हैं। पट्टी नगर में चुनावी पोस्टर से इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। नए साल की बधाई के साथ-साथ पट्टी के मेले और दीपावली की बधाई संदेश के पीछे चुनाव लड़ने की मंशा छिपी हुई है। जिसे मतदाता और दावेदार दोनों अंदरूनी रूप में समझ रहे हैं भारतीय जनता पार्टी में आधा दर्जन दावेदार हैं वहीं समाजवादी पार्टी में भी कई दावेदार टिकट पाने की जुगत में जिला कार्यालय से लेकर लखनऊ तक चक्कर काट रहे हैं। सभासद बनने के कई दावेदार तो ऐसे हैं जो सभासद बनने के लिए अपना वार्ड छोड़कर दूसरे वार्ड में चुनाव लड़ने की जुगत बना रहे हैं। आरक्षण ने जब अपने वार्ड का खेल बिगाड़ दिया तो दूसरे वार्ड में प्रचार प्रसार करके सभासद बनने की तैयारी में जुट गए हैं और प्रचार में लग चुके हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी तथा समाजवादी पार्टी दोनों ही अध्यक्ष पद के लिए जिताऊ और टिकाऊ दावेदार खोज रही है।

## रामगंज व ढकवा में भी सियासी घमासान तेज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नवसृजित ढकवा तथा रामगंज नगर पंचायत में पहली बार चुनाव होने चल रहा है। लगभग आधा दर्जन ग्राम पंचायतों को ढकवा में तो उसी तरह रामगंज में भी आधा दर्जन गांवों को मिलाकर इस बार नगर पंचायत बनाया गया है । जिसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए कई दावेदार समाजवादी पार्टी तथा भारतीय जनता पार्टी की तरफ से आवेदन किया है। वहीं सभासद बनने के लिए आतुर दिखाई दे रहे कई दावेदार आरक्षण के कारण चुनाव नहीं लड़ पा रहे हैं जिसके लिए कई आपत्तियां भी प्रशासन को दिया गया है लेकिन कोई बदलाव उसमें नहीं हुआ।

# चावल का आवंटन न मिलने से नहीं हो पा रहा राषन वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के परियावां जनवामऊ सहित अभी तक अन्य कोटेदारों को माह दिसम्बर का राशन अभी तक वितरण नही हो सका जब कि अन्य कोटेदारों के यहां राशन वितरण का कार्य शुरू है जिन कोटेदारों को अभी तक चावल नही मिल पाया उनकी दुकानों का राशन कार्ड धारक सुबह शाम चक्कर लगा रहे है कि अन्य जगह के कोटेदार राशन वितरण कर रहे है लेकिन अभी तक मेरा कोटेदार राशन वितरण नही कर रहा हैं। कार्डधारकों को शंका है कि कही कोटेदार कालाबाजारी तो नही कर लिया है ।जो ऐसा कुछ भी नही है अभी तक ब्लाक कालाकांकर के लगभग 15-20 कोटेदारों को चावल का आवंटन नही मिल पाया है जिससे राशन वितरण में लेट लतीफ हो रहा है कोटेदारों का कहना है कि पीडीएस की ढुलाई करने वाले ट्रकों को धान की ढुलाई में लगा दिया गया है जिससे डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था चरमरा गई है। बता दे कि ब्लाक कालाकांकर में लगभग 60-65 कोटेदार है जिनमे अभी तक 15-20 कोटेदारों को अधूरा राशन मिला है जिससे वितरण नहीं हो पा रहा है। कार्डधारकों ने जिला पूर्ति अधिकारी प्रतापगढ़ से ब्लाक कालाकांकर के कोटेदारों को राशन का आवंटन यथा शीघ्र कराकर वितरण प्रणाली को चुस्त दुरुस्त करने के लिए इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

### कालाकांकर क्रय केंद्र पर 7 हजार कुंटल हुई धान की खरीद

उधर विकास क्षेत्र कालाकांकर के आलापुर (कालाकांकर) धान क्रय केंद्र पर एक नवम्बर से 14 नवम्बर 2022 तक लगभग सात हजार कुंटल धान की खरीद हो चुकी है। कालाकांकर विपणन निरीक्षिक ममता वर्मा ने बताया कि शासन के निर्देश के अनुसार किसानों की धान की खरीद 2040 रु0 कुंटल की दर से की जा रही है किसानों को ऑन लाइन अपने धान की बेबसाइड पर इंट्री कराने के बाद उनको धान क्रय केन्द्र पर तौलाने के लिए टोकन दिया जा रहा है ।टोकन के डेट के समय किसान अपना धान लेकर क्रय केंद्र आते है जिनका तौल कराकर चेक दे दिया जाता है, जिससे किसान संतुष्ट दिखाई दे रहे हैं, लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास जारी है।

## एमडीपीजी कालेज में आयोजित हुई खाद्य प्रसंस्करण कार्यशाला, छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कालेज प्रतापगढ़ में आज एक खाद्य-प्रसंस्करण कार्य शाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने आंवले से बनने वाले विभिन्न उत्पादों के बनाने की कला सीखी। पुष्पांजलि ग्रामोद्योग सेवा समिति, प्रतापगढ़ द्वारा संचालित इस कार्यशाला में आँवले के विभिन्न उत्पादों की विधि बतायी गयी और उनसे आंवले के लड्डू आदि बनवाए भी गए।

पुष्पांजलि ग्रामोद्योग समिति प्रतापगढ़ के सचिव चंद्र प्रकाश शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को आंवला एवं उससे बनने वाले उत्पादों के महत्व को बताया और उत्पादों को बनाने की कला भी सिखाई। उत्पादों के बनाने की प्रक्रिया समझने के बाद छात्र-छात्राओं ने स्वयं आंवले का लड्डू बनाकर अपने सीखी कला का प्रदर्शन भी किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि स्वरोजगार वर्तमान की आवश्यकता है। नई शिक्षा नीति भी स्वरोजगार को प्रेरित करती है और छात्र छात्राओं को इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिए जाने पर बल देती है इसी क्रम में आज की यह कार्यशाला आयोजित की गई है। सभी छात्र छात्राओं को इसमें निपुण होना होगा तथा सीखी गई इस कला को और विस्तारित एवं परिमार्जित करना होगा।

कार्यक्रम में प्राणि विज्ञान विभाग की विभाग्याध्यक्ष डॉ अमिता मिश्रा एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अभिषेक सिंह, खाद्य प्रसंस्करण की शिक्षिका सुश्री प्रतिभा गोस्वामी, विजय पांडेय, उमेश मिश्र आदि उपस्थित रहे। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत निर्धारित वोकेशनल कोर्स की सैद्धांतिक कक्षाओं के साथ ही नियमित प्रायोगिक कक्षाएं कार्यशाला आदि आयोजित किए जा रहे हैं। छात्र-छात्राएं कक्षाओं में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर विभिन्न कलाओं को सीखें तथा औरों को सिखाएं। लोगों को सीखी कला को अपने रोजगार में शामिल करने हेतु प्रेरित भी करें।



खाद्य प्रसंस्करण कार्यषाला में जानकारी देते अतिथिगण।

## खबर संक्षेप

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त बाबू हलीम उर्फ कल्लू पुत्र मुसाहिब अली निवासी रक्सौली थाना पश्चिम शरीरा को भगतपुरा चौराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्य के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र राम आसरे निवासी खतरीपुर थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधि कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त गोविंद कुमार पुत्र पुजारी लाल निवासी मलिकपुर महंगा थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

# अवैध खनन के विरूद्ध नियमित रूप से कार्यवाही करने के डीएम ने दिए निर्देश

**डीएम ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**






बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते जिलाधिकारी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर खनन स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन आबकारी परिवहन विद्युत एव नगर निकायों से सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों एवं खनन अधिकारी को अवैध खनन के विरूद्ध नियमित रूप से कार्यवाही करने के निर्देश दियें उन्होंने मण्डी की समीक्षा के दौरान प्रवर्तन कार्य में लापरवाही पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही के लिए निदेशक मण्डी को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दियें जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को आरसी की वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने आरसी वसूली के लिए एक नायब तहसीलदार को नामित करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सभी ईओ को अपने-अपने नगर पालिका/नगर पंचायत में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था एवं खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने के निर्देश दिये इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## दुर्दशा का शिकार हुआ हासिमपुर किनार गौसंरक्षण केंद्र



गौ संरक्षण केंद्र की दुर्दशा का दृश्य

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के हासिमपुर किनार का गौ संरक्षण केंद्र दुर्दशा का शिकार हो गया है चारा पानी के अभाव में गोवंश की मौत हो रही है लेकिन जिम्मेदार औपचारिकता करने के बाद झूठी सूचना योगी सरकार को देकर कार्य योजना की सफलता का ढिंढोरा पीट रहे हैं वहीं गौ संरक्षण केंद्र के संचालन में लगे लोग पशुओं के चारे पानी में कटौती कर मालामाल हो रहे हैं यदि गौ संरक्षण केंद्र की धांधली के मामले में आला अधिकारियों ने जांच कराई तो भ्रष्टाचार में लिप्त कई चेहरे बेनकाब होंगे।

तहसील चायल के नेवादा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत हासिमपुर किनार में बने गौशाला में भूख प्यास से गाय तड़प रही है चारा पानी के अभाव में इस गौशाला में बुधवार को फिर एक गाय की मौत हो गई है गौशाला के मैदान में एक गाय मृत पड़ी है गौशाला में गोवंश के देखरेख चारा पानी के नाम पर मिलने वाले लाखों के बजट पर ग्राम पंचायतों के जिम्मेदारों की बदनीयती लग गई है जिससे गोवंश चारा पानी के अभाव में तड़प रहे हैं खजाने से लाखों की रकम निकालकर जिम्मेदार हजम कर रहे है अव्यवस्था के बाद भी आला अधिकारियों ने अभी तक भ्रष्टाचार की जांच कराकर दोषियों को दंडित नहीं किया है जिससे योगी सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## स्वर्ण पदक प्राप्त कर कौशांबी के छात्र ने जिले का नाम किया रोशन

**धर्मा देवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के भतीजे को स्वर्ण पदक मिलने पर विद्यालय सहित चारों ओर खुशी का वातावरण**



छात्र को सम्मानित करते गुरुजन

**कौशाम्बी।** धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार के प्रधानाचार्य डॉ राम किरण त्रिपाठी के भतीजे राज त्रिपाठी ने विश्वप्रसिद्ध महामना पं.मदन मोहन मालवीय की काशी हिन्दू विश्वद्यालय मे स्वर्ण पदक के साथ बी ए तथा बी एससी आनर्स जियोग्राफी दोनों वर्गों में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर अपने परिजनों गुरु जनों के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया है।

श्री राम सुन्दर सिंह मेमोरियल कैश पुरस्कार प्राप्त करने पर राज त्रिपाठी को बधाई दी गयी है विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राम किरण त्रिपाठी ने बताया कि राज त्रिपाठी की प्रारंभिक से इण्टर तक शिक्षा-दीक्षा धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में हुयी` विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रामकिरन त्रिपाठी ने कहा कि अपने संस्था से पढ़े हुये छात्र की इस उपलब्धि का सुखद समाचार जब विद्यालय को प्राप्त हुआ तो पूरे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी उन्होंने कहा कि राज त्रिपाठी ने स्वर्ण पदक हासिल कर अपने पितामह-गुरु दादा रामावतार शास्त्री और रामहित त्रिपाठी सहित अपने पितृव्यों रामसुभग त्रिपाठी प्रबंधक रामकिरण त्रिपाठी प्रधानाचार्य राकेश कुमार त्रिपाठी, तथा रामदत्त त्रिपाठी एवम् अपने विद्यालय धर्मा देवी इंटर कॉलेज के समस्त शिक्षकों के साथ-साथ कौशाम्बी जिले को भी गौरवान्वित होने का अवसर दिया।

उन्होंने कहा कि ''कुछ भी मुश्किल नहीं है इस दुनिया में, तू जरा हिम्मत तो कर।, ख्वाब बदल जाएगा हकीकत में, तू जरा कोशिश तो कर।''

## दमखम के साथ निकाय चुनाव में उतरेगा अपना दल कमेरा वादी

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत और नगर पालिका के चुनाव के दौरान जिले के संपूर्ण नगर पालिका और नगर पंचायत में अध्यक्ष पद से लेकर सभासद तक के प्रत्याशी के पद पर आम आदमी पार्टी कमेरा वादी ने प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है अपना दल पार्टी के प्रवक्ता विनोद कसेरा ने कहा कि पार्टी के कर्मठ कार्यकताओं को नगर पंचायत और नगरपालिका के चुनाव में वरीयता दी जाएगी।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना कोखराज से दो थाना कड़ाधाम से तीन कुल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## उत्तर प्रदेश में अगले तीन सालों तक स्टेट जीएसटी रद्द की जाए : अजय सोनी



बैठक करते समर्थ किसान पार्टी नेता

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने प्रदेश सरकार से प्रदेश भर में छोटे दुकानदारों एवं छोटे उद्यमियों को स्टेट जीएसटी की छापेमारी को लेकर परेशान नहीं किए जाने सहित अगले तीन सालों तक इसे उत्तर प्रदेश में लागू नही किए जाने की मांग की है।

बुधवार को सकिपा नेता सिराथू तहसील के सिराथू, सैनी, अजुहा समेत कई कस्बों का भ्रमण किया और दुकानदारों एवं व्यापारियों से भेंट की। इस अवसर पर उन लोगों से स्टेट जीएसटी को लेकर चर्चा की। सिराथू कस्बे में व्यापारियों एवं दुकानदारों से वार्ता करते हुए कहा कि ऑनलाइन ट्रेडिंग और कोरोना महामारी से प्रदेश के दुकानदार एवं व्यापारी पहले से ही टूट चुके हैं, ऐसे में प्रदेश के मुख्यमंत्री को व्यापारियों एवं दुकानदारों को राहत देते हुए कम से कम तीन सालों तक प्रदेश में स्टेट जीएसटी रद्द कर देनी चाहिए। साथ ही तीन साल बाद व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, वित्तीय सलाहकारों एवं विश्वविद्यालयों के वित्तीय प्राध्यापकों के सामूहिक सहमति एवं सुझावो के आधार पर इसे चरणबद्ध एवं क्रमिक रूप से प्रदेश मे लागू करना चाहिए। आगे कहा कि समर्थ किसान पार्टी इन मांगों को लेकर जल्द ही सरकार को ज्ञापन भेजेगी। इस अवसर पर अशोक केसरवानी, उमेश गुप्ता, नीरज विश्वकर्मा, वीरेंद्र तिवारी, भानू सिंह, जीतेंद्र सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

# तीन किलोमीटर की सड़क में दर्जनों गड्ढे, चलना दूभर

**आधा दर्जन स्थानों पर सड़क बनी तालाब पूरे वर्ष भरा रहता है पानी**

**योगी सरकार को गड्ढा मुक्त अभियान की झूठी सूचना देकर करोड़ों डकार गए विभागीय अधिकारी**



सड़क में जलभराव का दृश्य

**कौशांबी।** योगी सरकार ने 30 नवंबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश दिया था लेकिन सड़को को गड्ढा मुक्त करने के नाम पर अभिलेखों में करोड़ों रुपए की रकम खर्च करके लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़क को गड्ढा मुक्त करने की झूठी सूचना योगी सरकार को दे दी है लेकिन हकीकत में कौशाम्बी की सड़के गड्ढा मुक्त नहीं हुई हैं गड्ढा मुक्त करने के नाम पर खजाने से बजट निकालकर लोक निर्माण के अधिकारी मालामाल हुए हैं अधिकारियों द्वारा झूठी सूचना देने के बाद योगी सरकार यही मान रही है कि उनके कार्यकाल में गांव की जनता समतल सड़क पर आवागमन कर रही है जबकि यह पूरी तरह से झूठ है।

सवाल उठता है कि आखिर कब तक योगी सरकार को झूठी सूचना देकर अधिकारी हकीकत से गुमराह करते रहेंगे पूरी व्यवस्था पर यह बड़ा सवाल है कौशांबी जिले के मूरतगंज विकासखंड अंतर्गत आदमपुर नादिर अली गांव से बसेड़ी गांव 3 किलोमीटर की सड़क में दर्जनों गड्ढे हैं सड़क के बीच में पड़ने वाले गड्ढे एक फीट नीचे के गहरे गड्ढे हैं जिससे गिरकर राहगीर चोटिल हो रहा है इतना ही नहीं 3 किलोमीटर की इस सड़क में आधा दर्जन स्थानों पर सड़क इस कदर से कटकर बह गई है कि सड़क ने तालाब जलाशय का रूप ले लिया है बार-बार शिकायत के बाद सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी योगी सरकार के गड्ढा मुक्त अभियान में भी इस सड़क की मरम्मत लोक निर्माण विभाग ने नहीं कराई है यह तो जिले की एक सड़क का उदाहरण है इस तरह की जिले में अभी तमाम सड़कें हैं जो योगी सरकार के 30 नवंबर तक गड्ढा मुक्त निर्देश के बाद भी गड्ढा मुक्त नहीं हो सकी है इस सड़क से डेरवा सीतापुर बसेड़ी आदमपुर नादिर अली शोभना सहित कई गांव के हजारों लोगों का आवागमन होता है ग्रामीण क्षेत्र का मुख्य मार्ग होने के बाद सड़क को गड्ढा मुक्त करने में योगी सरकार के निर्देशों की धज्जियां उड़ाने में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तनिक भी भय नहीं महसूस हुआ है गड्ढा मुक्त अभियान की झूठी सूचना शासन प्रशासन को दिए जाने की यदि योगी सरकार ने जांच कराई तो लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई होना तय है लेकिन क्या योगी सरकार में भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों द्वारा झूठी सूचना देने के मामले को योगी सरकार गंभीरता से लेकर इन दोषियों को दंडित करेगी या सब कुछ केवल बयान बाजी भाषण बाजी तक चलता रहेगा जनता इस बात के जवाब के इंतजार में है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की नई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 185 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों से 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### सिपाही को बदनाम करने के लिए किया जा रहा साजिश

**चायल कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मखऊपुर गांव में एक जमीनी विवाद को लेकर तीन भाइयों के आपस में बटवारे को लेकर ग्राम प्रधान के पास एक बार समझौता हो चुका है। जब इससे बात नही बनी तो ग्राम प्रधान ने हल्का सिपाही को बुलाकर दोनो पक्षों में समझौता करवा दिया बाद में विधवा महिला अपने एक पुत्र को जमीन दे रही है दूसरे को नही दे रही इस मामले को लेकर विधवा महिला ने झूठा आरोप लगाते हुए हल्का सिपाही रामकुमार गुप्ता को बदनाम करने की कोशिश कर रही जबकि इसके पूर्व में भी ग्राम प्रधान के समक्ष लिखित समझौता हो गया है।

## न्यूज झरोखा

### ऑनलाइन उपस्थिति पंजिका की जांच में 29 कर्मचारी मिले अनुपस्थिति

**एक दिन का वेतन रोकने का सीडीओ ने दिया निर्देश एक सप्ताह के अंदर कार्यालय अध्यक्षों को जवाब देने का दिया निर्देश**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी ने बुधवार को जिले के समस्त विकासखंड कार्यालयों के तैनात कर्मचारियों के उपस्थिति की ऑनलाइन उपस्थिति पंजिका की जांच की सीडीओ के ऑनलाइन उपस्थिति पंजिका के जांच के दौरान जिले के विभिन्न विकास खंडों में 29 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिस पर सीडीओ ने कार्यालय अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि अनुपस्थिति कर्मचारियों से उनका जवाब लेते हुए एक सप्ताह के अंदर वह जवाब सीडीओ कार्यालय में उपलब्ध कराएं ऑनलाइन उपस्थिति पंजिका की जांच के दौरान अनुपस्थित पाए गए 29 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यालय अध्यक्षों को दिया है। सीडीओ ने सहकारी समितियों में उपस्थित कर्मचारियों ऑनलाइन उपस्थिति पंजिका की जांच की सीडीओ के ऑनलाइन उपस्थिति पंजिका जांच के दौरान सहकारी समितियों में भी 6 कर्मचारी अनुपस्थित मिले हैं सीडीओ के ऑनलाइन उपस्थिति पंजिका की जांच के दौरान मूरतगंज और कौशांबी विकासखंड के साथ-साथ प्रभारी बीज भंडार प्रभारी पौध संरक्षण में समस्त कर्मचारी उपस्थित मिले सीडीओ के ऑनलाइन उपस्थिति पंजिका की जांच के चलते विकास खंड कार्यालयो में हड़कंप मच गया है और काफी दिनों से लापरवाह कर्मचारी अपनी आदत में सुधार करते दिखाई पड़ रहे हैं।

### कांशीराम कालोनी के पीछे अधेड़ का शव मिलने से सनसनी



**अधेड़ का शव मिलने की जानकारी मिलते ही मौके पर जुटी भीड़ पुलिस जांच में जुटी**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी के पीछे अधेड़ का शव मिलने से सनसनी मच गई,मृतक कालोनी में ही रहता था,मृतक की शिनाख्त संगम लाल पुत्र स्वर्गीय राम लोटन पिंडरा सहावनपुर के रूप में हुई है,सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। संगम लाल के मृतक होने की सूचना पर परिजनों में कोहराम ।मच गया मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दिया गया परिजनो ने बताया की वह मानसिक रूप से विक्षिप्त और बीमार रहते थे जिसके चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने विक्की सवार को मारी टक्कर पैर की हड्डियां टूटी



**कोखराज कौशाम्बी।** थाना कोखराज क्षेत्र के पंचम ढाबा के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने विक्की सवार को टक्कर मार दी है जिससे विक्की सवार का पैर टूट गया है घायल विक्की सवार को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के राला बजहा निवासी मो शाहिद उम्र 45 वर्ष पुत्र जमील विक्की से कहीं जा रहे थे इसी बीच पंचम ढाबा के पास विक्की सवार को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया है जिससे उसके दोनों पैर बुरी तरह से टूट गए विक्की सवार को टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर से कूदकर मौके से ट्रैक्टर चालक भाग निकला हादसे के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोग पहुंच गए हैं बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया है पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गम्भीर हालत में घायल बिक्की सवार को नजदीकी अस्पताल मूरतगंज पी एच सी में भर्ती कराया है जहां हालत गंभीर देख कर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया है।

## फ्री का वेतन ले रहा सफाई कर्मी प्राइवेट व्यक्ति कर रहा सफाई

**बिना ड्यूटी दिए सफाई कर्मी की उपस्थिति दर्ज कर वेतन दिलाने में एडीओ पंचायत चायल की अहम भूमिका**

**कौशाम्बी।** चायल बिकास खण्ड के बलीपुर टाटा गांव में भीषण गन्दगी व्याप्त है सरकार ने गांव में सफाई कर्मी की तैनाती की है लेकिन सफाई कर्मी सरकारी वेतन लेने के बाद प्रतिदिन देशी शराब के ठेका पर पहुंचकर सुबह-सुबह शराब पीकर नशे में धुत हो जाता है और घूम घूम कर पूरे गांव के ग्रामीणों से गाली गलौज अभद्रता करता है सरकार से वेतन लेने के बाद सफाई कर्मी ने किसी भी दिन बलीपुर टाटा गांव में सफाई नहीं की है लेकिन उसके बाद भी एडीओ पंचायत चायल द्वारा सफाई कर्मी की फर्जी उपस्थिति दर्ज करके उसको प्रत्येक महीने वेतन दिलाया जा रहा है जिससे एडीओ पंचायत चायल की भी भूमिका सवालों के घेरे में है सूत्रों की माने तो कुछ रुपयों के लालच में एडीओ पंचायत सफाई कर्मी का फर्जी वेतन दिलवा रहे हैं।

एक प्राइवेट ब्यक्ति गांव की सफाई कर रहा है बताया जाता है कि महीने में 4 दिन गांव की सफाई करने के लिए प्राइवेट व्यक्ति गांव पहुंचता है जिसे महीने में 2 हजार रुपए मजदूरी के नाम पर दे दिया जाता है अब सवाल उठता है कि सरकार ने जिसकी तैनाती की है यदि उसे काम नहीं करना है तो अधिकारियों ने अभी तक उसको बर्खास्त क्यों नहीं किया है बिना ड्यूटी सफाई कर्मी की हाजिरी भरने वाले एडीओ पंचायत पर क्यों नहीं कार्यवाही की गई है यह तमाम सवाल खंड विकास अधिकारी चायल के मनसा पर खड़े हो रहे हैं मामले में ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बिना ड्यूटी वेतन लेने वाले सफाई कर्मी को बर्खास्त करने और विना ड्यूटी हाजिरी भरने वाले एडीओ पंचायत चायल को निलंबित करने की मांग की है।

बालीपुर टाटा गांव में सफाई व्यवस्था चौपट होने से पूरे गांव में गंदगी ब्याप्त है नालियां बज बजा रही है जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं सफाई कर्मी 24 घंटे नशे में चूर रहता है सफाई कर्मी ग्राम पंचायत में आने से पहले ग्राम पंचायत बलीपुर टाटा चौराहे पर देशी शराब के ठेका पर जाकर शराब पीकर गांव में नशे में धुत टहल टहल कर घूमता है और ग्रामीणों से गाली गलौज अभद्रता भी करता है बीते कई वर्षों से सफाई कर्मी को एडीओ पंचायत की मेहरबानी पर मुफ्त का वेतन मिल रहा है मुफ्त का वेतन मिलने वाले सफाई कर्मी और एडीओ पंचायत के कारनामे पर जांच हुई तो दोनों पर गाज गिरना तय है।

संपादकीय

## फिर नेहरूजी पर आरोप

**9 दिसंबर** को अरुणाचल के तवांग में दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प हुई। जिसमें दोनों ही पक्षों के सैनिकों को कुछ चोटें आई हैं, हालांकि किसी की मौत नहीं हुई। गौरतलब है कि तवांग क्षेत्र भारत के लिए रणनीतिक लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन चीन की टेढ़ी निगाहें हमेशा यहां लगी रहती हैं। चीन किसी न किसी तरह अरुणाचल प्रदेश पर अपना हक बताते हुए यहां घुसपैठ की कोशिश करता रहता है। जाहिर है 9 तारीख को भी कुछ ऐसी ही बात हुई होगी। जिसके बारे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में जानकारी दी कि चीन के सैनिकों ने सीमा पर यथास्थिति बदलने की कोशिश की और भारतीय सैनिकों ने इसका दृढ़ता से जवाब दिया। भारतीय सैनिकों की बहादुरी और निष्ठा असंदिग्ध है। चीन की विस्तारवादी नीति और भारत के क्षेत्रों पर उसकी लालची निगाहें भी सबको दिखाई देती हैं। सवाल ये है कि मौजूदा भारत सरकार की इस बारे में क्या नीति है। प्रधानमंत्री मोदी चीन से किस तरह के संबंध रखना चाहते हैं। इन सवालों के जवाब इसलिए जरूरी हैं क्योंकि चीन के मसले पर एक बार फिर सरकार टालमटोल वाला रवैया दिखाती नजर आई, लेकिन जब विपक्ष ने हंगामा किया, तो उल्टा उस पर ही इल्जाम लगाए जा रहे हैं। 9 तारीख को चीन के साथ भारत की झड़प हुई, लेकिन रक्षा मंत्री ने 13 तारीख को इस बारे में जानकारी दी। जबकि विपक्ष सवाल पूछ रहा है कि सरकार दो दिनों तक चुप क्यों रही। याद रहे कि जून 2020 में गलवान में भारत और चीन के बीच संघर्ष में भारत के 20 सैनिक मारे गए थे। यह विवाद लंबे वक्त तक दोनों देशों के बीच तनाव का मुद्दा बना रहा। भारत ने अपना विरोध दिखाने के लिए चीन के साथ व्यापारिक संबंधों में कई प्रतिबंध लगाए, लेकिन वे ऊपरी दिखावा ही साबित हुए। तब प्रधानमंत्री का शुरूआती रवैया, हमारी सीमा में कोई नहीं आया, वाला रहा। सैनिकों की मौत को उन्होंने बिहार चुनाव में भावनात्मक तौर पर भुना भी लिया। लेकिन चीन का नाम लेकर उसे खरी-खरी सुनाने से प्रधानमंत्री बचते दिखाई दिए। कई मौके ऐसे आए, जब प्रधानमंत्री मोदी चीन को साफ-साफ समझाइश दे सकते थे, मगर उन्होंने इन मौकों का इस्तेमाल नहीं किया। हाल ही में इंडोनेशिया के बाली में जी-20 सम्मेलन में रात्रिभोज में प्रधानमंत्री मोदी ने खुद उठकर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हाथ मिलाया था, जिसकी काफी आलोचना हुई थी।

## नतीजों ने उजागर की भाजपा की खामियां

बहस का विषय है कि क्या गुजरात चुनाव के परिणाम ने 2024 में होने वाले राष्ट्रीय चुनावों के लिए मोदी की लोकप्रियता को बढ़ावा दिया है? परन्तु हाल के चुनाव परिणाम संकेत देते हैं कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की स्वीकार्यता बढ़ रही है। मोदी को यह नहीं सोचना चाहिए कि गुजरात चुनाव 2023 में कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के चुनावों के लिए स्प्रिंगबोर्ड साबित होगा। नरेंद्र मोदी एक 'मजबूत और करिश्माई नेता' हैं, जैसी धारणा की असत्यता बुरी तरह उजागर और चकनाचूर हो गयी है। गुजरात और हिमाचल विधानसभाओं और दिल्ली नगर निगम के चुनावों के साथ-साथ राज्यों में सात विधानसभा सीटों के उपचुनावों के परिणामों से यह स्पष्ट हो जाता है कि आरएसएस और मोदी के नेपथ्य में काम कर रहे लोगों की कड़ी मेहनत से बनायी गयी 'मजबूत नेता' की इमारत सीधे नीचे गिर गयी है। भारी प्रयास, समय, ऊर्जा और बड़े पैमाने पर वित्तीय संसाधनों को लगाकर भी हिमाचल और एमसीडी में भाजपा को जिताया नहीं जा सका। नरेन्द्र मोदी को अखिल भारतीय नेता के रूप में पेश करने में बुरी तरह विफलता ही मिली, तथा सभी प्रयासों ने बिहार, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में हुए सभी सात उपचुनावों में जीत हासिल करने में मदद नहीं की। यह एक ज्ञात तथ्य है कि चुनावों के दौरान आमतौर पर राजनीतिक कौशल और करिश्मे की परीक्षा होती है। चुनावी सफलता राजनीतिक कौशल और नेता की गुणवत्ता की प्रकृति को निर्धारित और परिभाषित करती है। परन्तु हिमाचल के बहुचर्चित चुनाव में भाजपा की करारी हार के बाद भाजपा नेताओं का एक धड़ा गुटबाजी का आरोप लगा रहा है। क्या यह राज्य की राजनीति में अचानक और आकस्मिक घटनाक्रम है? अत्यधिक अनुशासित पार्टी होने के नाते शीर्ष नेताओं को इस अस्वस्थता पर ध्यान देना चाहिए था। लेकिन वे असफल रहे। उनकी विफलता इस तथ्य के कारण है कि वे मुस्लिमों को कोसने वाले एजेंडे से वंचित थे क्योंकि राज्य की जनसंख्या में हिंदुओं का भारी वर्चस्व है। दूसरा यह था कि उन्होंने विकास नीतियों को लागू नहीं किया। जाहिर तौर पर इन दोनों मुद्दों ने राज्य के नेताओं को अपने निहित स्वार्थों का ख्याल रखने और गुटबाजी में लिप्त होने के लिए पर्याप्त समय प्रदान किया। चुनाव अभियान ने एक अलग और जोरदार संदेश दिया कि स्थानीय लोग आपसी गुटबाजी से निराश थे और विकास की जरूरतों पर कम ध्यान दे रहे थे। राज्य बुनियादी जरूरतों और रोजगार से पीड़ित था। जब भाजपा का सारा तमाशा मोदी के व्यक्तित्व और छवि के इर्द-गिर्द चलता रहा है, तो जनता के हितों का ध्यान रखना उनका कर्तव्य था। एक मजबूत और निर्णायक नेता होने का मिथक भी सुशासन, तेज विकास और व्यवहार्य और मजबूत अर्थव्यवस्था की संरचना के इर्द-गिर्द घूमता है। चनाव नतीजों ने इन्हें भी ध्वस्त कर दिया है। उनकी नीतियों और कार्यक्रमों की विफलताओं और पीछे हटने के कई उदाहरण हैं। उनकी एकमात्र चिंता चुनाव जीतना है क्योंकि एक जीत नेता को उन्हें सबसे सक्षम प्रशासन और दूरदर्शी के रूप में स्थापित करने का अवसर प्रदान करती है।

# अखंड भारत को साकार करेगी समान नागरिक संहिता

विजय विक्रम सिंह

**सांसद** किरोड़ी लाल मीणा ने पिछले दिनों 'समान नागरिक संहिता' (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू करने के प्रावधान वाले प्राइवेट मेंबर बिल को राज्यसभा में पेश किया। विपक्षी विरोध पर सरकार ने कहा कि बिल पेश करना उनका अधिकार है। विपक्ष ने बिल वापस लेने की मांग की तो सभापति जगदीप धनखड़ ने वोटिंग करा दी। पक्ष में 63 और विरोध में 23 वोट पड़े। समान नागरिक संहिता का मतलब सभी नागरिकों के लिए समान कानून। भारत में क्रिमिनल लॉ समान रूप से लागू होते हैं, लेकिन विवाह, तलाक, गोद लेने, उत्तराधिकार जैसे सिविल मामलों में ऐसा नहीं है। ऐसे मामलों में पर्सनल लॉ लागू होते हैं। अलग-अलग धर्म को मानने वाले लोगों के लिए अलग-अलग कानून हैं। तीन तलाक, अनुच्छेद-370 की समाप्ति और नागरिकता संशोधन कानून। शायद ही किसी सरकार ने इतनी तेज रफ्तार के साथ घोषणा पत्र को अमली जामा पहनाया हो, जिस दृढ़ता के साथ नरेन्द्र मोदी सरकार विभिन्न मामलों पर आगे बढ़ी। सरकार यह समझ चुकी है कि देश अब समान नागरिक संहिता चाहता है। यह देश मजहबी आधार पर बने पर्सनल कानूनों से पीड़ित है। उच्चतम न्यायालय भी एकाधिक मौकों पर सरकार से समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए कह चुका है। यह ऐसा विचार है, जो संविधान में तो है, लेकिन तुष्टिकरण की राजनीतिक सोच ने इसे साकार नहीं होने दिया। संविधान सभा में बाबासाहब ने भरसक कोशिश की थी कि समान नागरिक संहिता लागू हो जाए पर उन्हें मुस्लिम प्रतिनिधियों का विरोध झेलना पड़ा। मजहब के आधार पर विभाजित देश में मुस्लिम प्रतिनिधि इस जिद पर अड़े थे कि वे तो शरीयत के हिसाब से अपने मसले सुलझाएंगे। अंबेडकर ने कहा- 'मुझे निजी तौर पर ये बात समझ नहीं आती कि मजहब को इतना व्यापक और महंगा क्षेत्राधिकार कैसे दिया जा सकता है कि किसी का पूरा जीवन उससे संचालित हो और विधायिका को उसमें अतिक्रमण का अधिकार तक न हो।' आखिर स्वतंत्रता से हमें हासिल क्या हुआ। हमें स्वतंत्रता का इस्तेमाल अपने सामाजिक ढांचे को सुधारने में करना चाहिए, जो कि तमाम किस्म की असमानता, भेदभाव और इसी तरह की चीजों से भरा पड़ा है। ये सब हमारे मूलभूत अधिकारों का हनन है। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू समान नागरिक आचार संहिता के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने अंबेडकर के सामने हाथ जोड़




लिए। 42वें संविधान संशोधन 1976 में भारतीय संविधान की प्रस्तावना में धर्म निरपेक्ष शब्द जोड़ा गया जिसके अनुसार भारत की सरकार किसी भी धर्म का समर्थन नहीं करेगी लेकिन सभी धर्मों का लॉ बोर्ड होने से तो जिनका कोई धर्म नहीं है उनका क्या होगा और इससे तो सरकार से ऊपर धर्म नजर आता है, जिसके कारण समान नागरिक संहिता का अब तक लागू नहीं होना एक दोष के समान है। दीनदयाल उपाध्याय का भी यही मत था। उनका विचार था कि भारत के एकीकरण का महत्वपूर्ण पहलू है कि देश के नागरिक धर्म से ऊपर उठकर एक कानून से बंधे हों। उनका कहना था कि सभी को बांधने वाला मंत्र एक हो। असल में कांग्रेस ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हिंदू मुसलमान में बांटा, जबकि किसी भी धर्म को कानून से ऊपर उठकर फैसले कर देने का मतलब सांप्रदायिकता है। असल में धर्मनिरपेक्ष विचार का अर्थ यही है कि सभी धर्मों के लिए समान कानून हो। संविधान निमार्ताओं ने अनुच्छेद-44 में स्पष्ट कहा है कि देश को पूरे भारत में सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। संविधान सभा में भी इस पर चर्चा के दौरान सबसे मुखर विरोध मुस्लिम सदस्यों ने किया। हुसैन इमाम, बी पोकर, अली बेग, इस्माइल, नजीरुद्दीन अहमद ने जोर दिया कि विवाद और उत्तराधिकार के मामलों को कुरान और शरीयत के हिसाब से ही तय होना चाहिए। ये एक रहस्य नहीं है कि तमाम मुस्लिम रहनुमा विवाह और उत्तराधिकार जैसे मसलों पर अलग कोना बचाकर क्यों रखना चाहते थे। इन दोनों ही मामलों में पर्सनल लॉ के नाम पर महिलाओं के साथ भारी भेदभाव और अत्याचार होता है।

मुस्लिम पक्ष की ओर से बार-बार धार्मिक मामलों में दखलंदाजी की बात कही जाती है। पर्सनल लॉ को लेकर भी यही दलील है, जबकि 1954 में ही सुप्रीम कोर्ट यह तय कर चुका है कि अनुच्छेद-25 और 26 के तहत दी गई धार्मिक और मजहबी आजादी का मतलब ये नहीं है कि यह कानूनों से ऊपर उठकर है। शाहबानो केस हो या सायरा बानो केस, सुप्रीम कोर्ट समान नागरिक संहिता की जरूरत बता चुका है। इसलिए कि पर्सनल लॉ संविधान में प्रदत्त समानता के अधिकार का उल्लंघन कर रहे हैं। समान नागरिक संहिता के विषय में इतना दुष्प्रचार फैलाया जा चुका है कि मुसलमानों को इसका सही अर्थ ही नहीं पता है। समान नागरिक संहिता सेक्युलर मामलों में सबके लिए समान कानून की बात करती है। इसका किसी की धार्मिक आजादी से कोई लेना देना नहीं है। हिंदू हो या मुस्लिम, समान नागरिक संहिता लागू होने की सूरत में अपने धार्मिक क्रियाकलाप निर्बाध रूप से जारी रखेंगे।

> विविधता भरे इस देश मे सबके लिए जब आगे बढ़ने के लिए समान अवसर है तो सबके लिए समान नागरिक संहिता भी होनी चाहिए। समान नागरिक संहिता का उद्देश्य महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों सहित संवेदनशील वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जबकि एकरूपता से देश में राष्ट्रवादी भावना को भी बल मिलेगा। भारत में गोवा राज्य में 1961 में ही समान नागरिक संहिता लागू कर दी गई। जो पुर्तगाल शासन के समय लागू था

समान नागरिक संहिता बहुत जरूरी है क्योंकि इस समय देश में हिंदू मैरिज एक्ट, मुस्लिम पर्सनल लॉ, इंडियन क्रिश्चियन मैरिज एक्ट, पारसी मैरिज एंड डाइवोर्स एक्ट जैसे अलग-अलग कानून लागू हैं। क्या कोई सभ्य समाज शादी और विरासत जैसे मसलों पर अलग-अलग धर्म के हिसाब से व्यवस्था की हिमायत कर सकता है।

विविधता भरे इस देश मे सबके लिए जब आगे बढ़ने के लिए समान अवसर है तो सबके लिए समान नागरिक संहिता भी होनी चाहिए। समान नागरिक संहिता का उद्देश्य महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों सहित संवेदनशील वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जबकि एकरूपता से देश में राष्ट्रवादी भावना को भी बल मिलेगा। भारत में गोवा राज्य में 1961 में ही समान नागरिक संहिता लागू कर दी गई। जो पुर्तगाल शासन के समय लागू था। पाकिस्तान के साथ अमेरिका, आयरलैंड, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्की, इंडोनेशिया, सूडान, इजिप्ट आदि देश है और वहां समान नागरिक संहिता कानून लागू है। वर्तमान में उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने एक समिति गठित की है जो समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए ड्राफ्ट तैयार करेगी। उत्तर प्रदेश में विभिन्न धर्मों की बहुत बड़ी आबादी रहती है, जनसंख्या की दृष्टि से भी भारत का सबसे बड़ा राज्य है, यहां भी समान नागरिक संहिता लाने के लिए सार्थक प्रयास में तेजी लाने की आवश्यकता है। समान नागरिक संहिता न होने से संविधान में विरोधाभासी स्थिति है। अनुच्छेद-14 नागरिकों को कानून के समक्ष समानता की गारंटी देता है। क्या पर्सनल लॉ एक जैसे मसलों पर समान कानून की सुरक्षा नागरिकों को दे पा रहे हैं, नहीं। अनुच्छेद-15 कहता है कि देश में किसी नागरिक से धर्म, जाति, लिंग आदि के आधार पर भेदभाव नहीं होगा। क्या ये पर्सनल लॉ भेदभाव नहीं है। निश्चित रूप से यह भेदभाव है। इन पर्सनल कानूनों के कारण असमानता इस कदर व्याप्त है कि सुप्रीम कोर्ट को इंडियन सक्सेशन एक्ट के अनुच्छेद-118 को रद्द करना पड़ा। एक अन्य मामले में अदालत को कहना पड़ा कि भारत धर्मनिरपेक्ष देश है और ये निहायत जरूरी है कि धर्म को कानून से अलग रखा जाए, पर सांप्रदायिकता के बीज के रूप में ये पर्सनल लॉ संविधान की आकांक्षा को पूरा नहीं होने दे रहे हैं। समान नागरिक संहिता ऐसा विचार है, जिसका समय आ चुका है। भारत जैसे देश जहां राजनीतिक दल छोटे-छोटे हितों के लिए पाला और विचार बदल लेते हैं, वहां सर्वसम्मति की बात करना बेमानी है। समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दे पर तो सर्वसम्मति का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि मुस्लिम तुष्टिकरण की दुकान बंद हो जाएगी। यह सरकार दिखा रही है कि जो सही है, वह किया जाएगा। अनुच्छेद-370 एक झटके में खत्म हो गया। तीन तलाक जैसी बुराई समाप्त हो गई। शरणार्थी हिंदुओं के जीवन में नागरिकता संशोधन कानून नया उजाला लेकर आया है। अब सबकी आंखें मोदी सरकार पर लगी हैं। समान नागरिक संहिता को लेकर भी सरकार उसी दृढ़ता से आगे बढ़ेगी ऐसा भारतीय लोकतंत्र मे आस्था रखने वाले हर भारतीय का विश्वास है।

**(लेखक, पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य हैं।)**

# चीन के खिलाफ बोलते क्यों नहीं प्रधानमंत्री मोदी?

प्रेम कुमार

**एनएसए** अजित डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर के पुत्र की कंपनियों को चीन से मिल रहे डोनेशन का सवाल उठाकर भी बड़ा विमर्श कांग्रेस ने छेड़ दिया है। यहां तक कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और बीजेपी के बीच एमओयू का सवाल उठाकर बीजेपी के उन सवालों का जवाब दिया है जिसमें कांग्रेस को चीन परस्त बताया जाता रहा है। मगर, सबसे बड़ा सवाल है कि क्या सीमा की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील होगी मोदी सरकार? क्या बदलेगा सरकार का रुख? क्या चीन के खिलाफ मुंह खोलेंगे पीएम मोदी? बात तीन साल पहले की है। 19 नवंबर 2019 को अरुणाचल प्रदेश से बीजेपी के सांसद तापिर गाओ ने शून्यकाल में चीनी घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा था- 'कहीं और डोकलाम होगा तो वो अरुणाचल प्रदेश में होगा।' उन्होंने चीनी सैनिकों के 50-60 किमी तक भारतीय सीमा में घुस आने की बात संसद में बतलायी थी। तापिर गाओ ने इस बात पर भी दुख जताया था कि जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में घुसपैठ की खबरों पर चर्चा तो होती है लेकिन अरुणाचल प्रदेश में हो रहे घुसपैठ पर खामोशी रहती है। दो साल बाद नवंबर 2021 में अमेरिका रक्षा मंत्रालय की जारी रिपोर्ट में खुलासा होता है कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश में गांव बसा लिया है। बीजेपी सांसद तापिर गाओ की बात सच होती है। लेकिन, केंद्र सरकार में कोई बेचैनी नहीं दिखती। विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया इस रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए यह कहने भर की होती है कि चीन अपने कब्जे वाले इलाके में ऐसा दशकों से करता रहा है। तत्कालीन सीडीएस विपिन रावत ने तो पूरी रिपोर्ट ही सिरे से खारिज कर दी थी। अब 13 दिसंबर 2022 को तवांग इलाके में 'हाथापाई' की बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में स्वीकार की है। जबकि, घटना 9 दिसंबर 2022 की है। विपक्ष का कहना है कि अगर घटना मीडिया में नहीं आयी होती तो केंद्र सरकार इसे भी छिपा ले जाती। संसद में विपक्ष को बोलने का अवसर देने के बजाए स्पीकर सदन से सेना की बहादुरी की तारीफ में बयान पारित कराने की बात करते नजर आए। सीमा की सुरक्षा को लेकर देश को आश्वस्त करने के लिए कोई तथ्य मोदी सरकार सामने लेकर नहीं आयी।

**चीन के बजाए गृहमंत्री ने कांग्रेस को घेराः** आश्चर्यजनक तरीके से रक्षा मंत्री के बजाए केंद्रीय गृहमंत्री रक्षा मामलों पर प्रेस कान्फ्रेन्स करते नजर आए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि 'भारत की एक इंच जमीन पर भी कोई कब्जा नहीं कर सकता है।' गृहमंत्री अमित शाह ने 19 जून 2020 में दिए गये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की याद ताजा कर दी है। तब पीएम मोदी ने कहा था-'न कोई भारत की सीमा में घुसा है, न घुसा हुआ है।' एचएम और पीएम के इन बयानों की खासियत यह है कि इससे चीन की आक्रामकता का बचाव होता है। ऐसा लगता है जैसे चीन ने जिस जमीन पर कब्जा किया है, गांव बसाए हैं या फिर जिस गलवान घाटी में संघर्ष हुआ था और हमारे जवानों ने शहादत दी थी, वे भारत की जमीन नहीं थी। सच यह है कि विवादित क्षेत्र पर चीन की ओर से यथास्थिति तोड़ना ही भारतीय हितों के खिलाफ है। इस पर न प्रधानमत्री कुछ बोल पा रहे हैं न गृहमंत्री या रक्षा मंत्री ही। गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस से जानना चाहा है कि राजीव गांधी फाउंडेशन ने चीन से चंदा क्यों लिया था? इसके अलावा भी उन्होंने कांग्रेस से कई सवाल पूछे- 2006 में भारत में चीन के दूतावास ने पूरे अरुणाचल प्रदेश और नेफा पर अपना दावा किया था। क्या कांग्रेस ने कभी इस पर शोध किया? केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। गलवान के वक्त चीन के अधिकारियों को रात्रि भोज कौन दे रहा था?

नेहरूजी के चीन प्रेम के कारण भारत की संयुक्त राष्ट्र में स्थायी सदस्यता बलि चढ़ गयी। 1962 में हजारों एकड़ भूमि चीन ने हड़प ली। इस पर कांग्रेस का रिसर्च कहां है?

कांग्रेस ने बीजेपी पर जवाबी हमला बोला कांग्रेस की ओर से पवन खेड़ा, अरुण गोगोई और सतीश पूनिया ने प्रेस कान्फ्रेन्स कर गृहमंत्री अमित शाह के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में अरुणाचल प्रदेश को 20 फरवरी 1987 के दिन पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया था। वहीं मोदी-जिनपिंग के बीच 18 मुलाकातों के बावजूद कभी डोकलाम, कभी गलवान तो कभी तवांग की घटनाएं घट रही हैं तो क्यों? कांग्रेस ने बीजेपी से एक के बाद एक कई सवाल पूछे- विदेश मंत्री एस जयशंकर के बेटे ध्रुव जयशंकर से जुड़ी विदेश नीति थिंक टैंक, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) को चीनी दूतावास से फंडिंग पर जवाब दे बीजेपी। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से शिक्षा लेने के लिए बीजेपी के नेता क्यों जाते रहे हैं चीन? राजीव गांधी फाउंडेशन को पैसा दिया गया इकॉनोमिक टाइम्स में सुधार के लिए। इंडिया फाउंडेशन और विवेकानन्द फाउंडेशन के साथ चीन के क्या संबंध हैं? अजित डोवाल से पूछकर बीजेपी खुलासा करे। बीजेपी और सीपीसी ने क्यों ग्लोबल अलायंस बनाने के एएमयू पर हस्ताक्षर किए? पीएम केयर फंड में किन-किन चीनी कंपनियों ने पैसे दिए, इसका खुलासा करे बीजेपी। संवेदनशील सीमावर्ती प्रदेश जम्मू-कश्मीर में स्मार्ट मीटर का ठेका डॉगफैंग नामक चीनी कंपनी को क्यों दिया गया जिस पर विश्व बैंक, यूरोप, पेंटागन तक ने पाबंदी लगा रखी है? गुजरात के धोलैरा में 43 हजार करोड़ के एमओयू चीन की कंपनी के साथ किसने साइन किए? ग्लोबल टाइम्स लिखता है- 'अगर मोदीजी गुजरात हार जाएंगे तो चीन को बड़ा नुकसान होगा।' चीन के साथ मोदीजी का यह संबंध क्या कहलाता है? अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर चीन की ललचाई नजर है। लेकिन, देश का सत्ताधारी दल और विपक्ष एक-दूसरे पर हमलावर है। इससे पहले हमेशा बीजेपी हमलावर हुआ करती थी कांग्रेस पर। मगर, इस बार कांग्रेस ने भी जवाब दिया है। गुजरात में मुख्यमंत्री रहते और देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद भी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ संबंधों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उंगली उठाई है कि वे अपने मुंह से चीन का नाम तक नहीं लेते। एनएसए अजित डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर के पुत्र की कंपनियों को चीन से मिल रहे डोनेशन का सवाल उठाकर भी बड़ा विमर्श कांग्रेस ने छेड़ दिया है। यहां तक कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और बीजेपी के बीच एमओयू का सवाल उठाकर बीजेपी के उन सवालों का जवाब दिया है जिसमें कांग्रेस को चीन परस्त बताया जाता रहा है।

# भाजपा की खामियां और विपक्ष के लिए सबक!

डॉ. दीपक पाचपोर

**केवल** जीतने के लिये नहीं, वरन 2024 में बनने वाली लोकसभा में एक बड़ा व मजबूत विपक्ष आवश्यक है। अगर 19-20 के अंतर की हार-जीत के साथ भी भाजपा व एकीकृत विपक्ष लोकसभा-2024 में बनता है तो भी केन्द्र सरकार पर नकेल कसी जा सकती है और उसे जनहित के रास्ते पर लाया जा सकता है।

विकास का छद्म (गुजरात) मॉडल बनाम वास्तविकता; साम्प्रदायिकता बनाम धर्मनिरपेक्षता; सामाजिक विभाजन बनाम समावेशी संस्कृति; पूंजीवाद बनाम समाजवाद; शक्ति का केन्द्रीकरण बनाम विकेन्द्रीकरण; **निरंकुशता बनाम लोकतंत्र;** भावनात्मक मसले बनाम जन सरोकार के मुद्दे। वर्ष 2024 के मध्य में फिर से जब लोकसभा चुनाव होगा, तब लगभग ये ही सारी स्थितियां रहेंगी जिनके आधार पर वह लड़ा जायेगा; और आज जो मौजूद हैं। आज ही क्यों, वरन जब से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र में सरकार बनी है तभी से, यानी 2014 के बाद से इस तरह की सामाजिक-राजनैतिक-आर्थिक दृश्यावली बना दी गयी है जो निरन्तर प्रगाढ़ हो रही है। इसका मतलब बहुत साफ है कि आज से करीब डेढ़ साल बाद का परिदृश्य बहुत ज्यादा बदला हुआ नहीं रहेगा। यानी आज जो विमर्श जारी है, वही आगे भी रहेगा तथा 2024 के चुनाव में परिस्थितियों के लिहाज से कुछ विशेष फर्क देखने को नहीं मिलेगा। ऐसे में सवाल उठता ही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विपक्ष सामूहिक रूप से चुनौती देगा या अभी की ही भांति टुकड़ों में व अलग-अलग प्रयास करेगा। अगर विपक्ष इके व संगठित तौर पर लड़ता है तो शायद कुछ फर्क पैदा कर सके। अगर यही तरीका रहा तो नतीजे में थोड़ी-बहुत घट-बढ़त मात्र ही होगी। इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिये गुजरात विधानसभा के 8 दिसम्बर को निकले चुनावी परिणाम पर्याप्त हैं। ऐसा समझा जा रहा था कि अगर भाजपा गुजरात हारी तो मोदी का राजनैतिक कैरियर व भविष्य दोनों ही दांव पर होंगे। स्वाभाविकतः उनके पद के लिए कम से कम दो दावेदार तो खड़े हो ही जाते- गृहमंत्री अमित शाह और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री व हिंदुत्ववादी भारत के सबसे तेजतर्रार नेता योगी आदित्यनाथ। गुजरात खोने पर यह भी सम्भव होता कि सत्ता व भाजपा के तीन शक्ति केन्द्र बन जाते- मोदी, शाह व योगी- जो भाजपा के लिये नुकसानदेह होते व विपक्ष को कुछ मदद मिलती। बहरहाल, गुजरात का चुनाव पहले के मुकाबले अधिक धमाकेदार तरीके से जीतकर मोदी ने साबित कर दिया है कि अभी तो देश की राजनीति के वे ही 'सुप्रीम बॉस' हैं। सरकार, भाजपा व मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तीनों उनकी मुी में हैं। जिन्हें भाजपा को अपदस्थ करना हो, वे पहले उनसे मुकाबला करें। मोदी सफल पीएम हैं या असफल, प्रभावी हैं या अप्रभावी- यह बहस बाद में होती रहेगी- पहले तो उनसे चुनाव जीतना ही विभाजित विपक्ष के लिये टेढ़ी खीर होगा। है कोई जवाब? फिलहाल तो नहीं! बावजूद इसके कि महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, घटती जीडीपी, मुद्रास्फीति का असर लोगों के जनजीवन पर बहुत प्रतिकूल पड़ा है, बावजूद इसके कि मोदी सरकार की कार्यपद्धति पर ऊंगलियां उठ रही हैं, बावजूद इसके कि देश में सामाजिक स्तर पर बड़ा विभाजन और विखंडन पैदा हो गया है.., बावजूद इसके कि केन्द्र सरकार की तमाम योजनाएं नाकामयाब हो गई हैं जिनके कारण लोगों की दुश्वारियां बढ़ गयी हैं.., बावजूद इसके कि सारी संवैधानिक संस्थाएं ध्वस्त कर दी गयी हैं..., बावजूद इसके कि नागरिक कमजोर व राज्य मजबूत, कठोर व निर्मम हो गया है.., बावजूद इसके कि भाजपा का पूरा विकास मॉडल ही सुपर फ्लॉप हो गया है तथा जनविरोधी कार्यप्रणाली पुख्ता हो रही है- फिर भी मोदी डिगते नजर नहीं आते। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत सबसे बड़े विपक्षी दल को राहत व आशा के संकेत तो दे सकती है पर क्या वह मोदी को अकेले चुनौती देने में डेढ़ साल में सक्षम हो जायेगी। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' की सफलता के बाद भी यह प्रश्न अनुत्तरित है। ... तो असली बात है विपक्षी एकता की। विपक्षी एकता की बातें होती तो रहती हैं पर टुकड़ों में और बहुत ही चलताऊ ढंग से।

## खाली हाथ आए हैं

डॉ. सुरेश कुमार

**चालक** सूटकेस, फाइल कार में रख दरवाजा खोले साहब की प्रतीक्षा कर रहा है, जबकि साहब सोफे पर बैठे जूते का फीता बाँध रहे हैं। इतने में साहब की पत्नी बोल उठी झ ह्यसुनते हो शाम को बिटिया और मैं खरीददारी के लिए जा रहे हैं। हाथ में फुटकर पैसे ही हैं। लगता है कम पड़ेंगे। क्या दस भी बस नहीं होगें। साहब चौंकते हुए बोले। कमाल करते हैं आप। ऐसे कह रहे हैं जैसे आपने खर्च के लिए दस करोड़ दिए हैं। दस लाख ही तो हैं। इतना भला कैसे बस होगा? अरे भाग्यवान अब ऑफिस का समय हो रहा है। अभी अरेंज करना मुश्किल है। अपनी मजबूरी बताते हुए साहब घड़ी की ओर देखने लगे। भगवान का तो दिया हुआ है। देने में क्या तकलीफ है? कहते हुए पत्नी हँस पड़ी। अरे धीरे बोलो। चालक कहीं सुन न ले। मुँह पर अंगुली रखते हुए साहब ने कहा। आप को क्या लगता है कि चालक को कुछ नहीं पता। वह सब जानता है। बस मासूम होने का ढोंग करता है। इतना कहते हुए पत्नी मुस्कुराने लगी। ठीक है। तुम लोग जाओ। कम पड़े तो फोन कर देना। कहते हुए साहब जल्दी से कार चढ़ गए। साहब कार में बैठे-बैठे खयालों में खो गए। शाम तक और पाँच लाख का अरेंज नहीं कर पाया तो श्रीमती जीने नहीं देगी। वैसे भी उस कांट्रेक्टर की फाइल क्लियर होते ही पाँच लाख मिल ही जायेंगे। उसे तीन दिन पहले बता भी दिया था। आज वह अवश्य लाएगा। तभी चालक ने साहब को खयालों की दुनिया से बाहर लाते हुए ध्यान भग्न किया और कहा ऑफिस आ गया है।

## फटाफट खबरें

### नर्स की आत्महत्या के जिम्मेदार संविदा कर्मी को सजा, पांच वर्ष सश्रम कारावास के साथ 10000 का अर्थदंड

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नर्स को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मी को दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

बुधवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि हमीरपुर जिले की रहने वाली एक महिला ने बीती 29 अप्रैल 2018 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला के अनुसार उनकी पुत्री एक स्वास्थ्य केन्द्र में नर्स के पद पर कार्यरत थी। जिसे कर्वी के उतारखाना निवासी जुनैद उर्फ काकू पुत्र अख्तर ने किराए का मकान दिलाया था। स्वास्थ्य विभाग में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत जुनैद ने विवाहित होने के बाद भी उसकी पुत्री से बताया था कि उसकी शादी नहीं हुई है। प्रेम जाल में फंसाकर जुनैद ने उसका शारीरिक शोषण किया और विवाह की बात होने पर जुनैद और उसके परिवार वालों ने बाद में खुलासा किया की जुनैद शादीशुदा है। साथ ही उसकी पुत्री पर शारीरिक शोषण की बात को किसी से न कहने का दबाव बनाने लगे। जिसके बाद पुत्री ने खुद की जान को खतरा भी बताया था। 27 अप्रैल 2018 को जुनैद द्वारा उन्हें बेटी की मृत्यु की सूचना मिली। मृतका की मां के अनुसार जुनैद से प्रताड़ित होकर ही उनकी बेटी ने आत्महत्या की थी।

पुलिस ने इस मामले में धारा 306 भादसं के तहत रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने निर्णय सुनाया। जिसमें धारा 306 के तहत दोष सिद्ध होने पर आरोपी जुनैद को पांच वर्ष सश्रम कारावास व 10 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### प्रभास महासंघ अध्यक्ष शेखर व महिला इकाई की अध्यक्ष बनी अलका





**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने संगठन का विस्तार करते हुए जिले में नई कार्यकारिणी गठित की है।

बुधवार को प्रभास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने जिले में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अलका द्विवेदी व प्रभास महासंघ के जिलाध्यक्ष शेखर गुप्ता को मनोनीत किया है। उन्होंने बताया कि प्रभास महासंघ की राष्ट्रीय महासचिव साधना आनन्द के अनुमोदन पर ये मनोनयन किया गया है।

उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्षों से अपेक्षा जताई कि संगठन के उद्देश्यों एवं प्रभास महासंघ के संवैधानिक राष्ट्रवादी आन्दोलन को जन-जन तक पहुंचायेंगे।

### स्कूल की चहारदीवारी तोडकर कोटेदार ने कुआ किया अन्दर



**चित्रकूट।** उच्च प्राथमिक विद्यालय रगौली की चहारदीवारी को रातोरात तोडने के बाद कोटेदार ने जबरियां कब्जा कर लिया है। सवेरे से चहारदीवारी में छपाई के कार्य में जुटा है। प्रधानाध्यापिका स्नेहलता ने उच्चाधिकारियों को जानकारी दी है। इसके बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। बुधवार को कर्वी ब्लाक के रगौली गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार की रात गांव के कोटेदार ने स्कूल की चहारदीवारी तोडकर नये सिरे से निर्माण करा लिया। बुधवार को सवेरे कोटेदार चहारदीवारी की छपाई कराने लगा। सवेरे स्कूल खोलने पहुंची प्रधानाध्यापिका स्नेहलता ने तत्काल खण्ड शिक्षाधिकारी समेत बीएसए को जानकारी दी। बताया कि स्कूल के भीतर एक खुला कुआ बना है। परिषदीय विद्यालय के कम्पोजिट ग्रांट से कुए में काम कराया गया है। प्रधान ने कुए में हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाया था। कोटेदार ने चहारदीवारी तोडकर कुआ को अपनी तरफ कर लिया है। मना करने पर कोटेदार अभद्रता पर उतारु है। प्रधानाध्यापिका ने मामले की जानकारी एसडीएम सदर को भी दी है। उल्लेखनीय है कि शासन स्तर से सरकारी जमीनों पर अवैध ढंग से कब्जा करने वालों को हटाने के सख्त निर्देश हैं। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने चार दिन पहले थाना समाधान दिवस में अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि सरकारी भवनों या जमीनों से अवैध कब्जा तत्काल हटाये जायें। इन निदेर्शों का पालन नहीं हो रहा है।

# बालकृष्ण बायो प्लांटेक का डायरेक्टर निकला शातिर अपराधी

## एसपी से भुक्तभोगियों ने की जेल भेजने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बालकृष्ण बायो प्लांटेक का डायरेक्टर विनोद पटेल मऊ थाने में 2015 में दर्ज मुकदमा 364, 511 आईपीसी का शातिर अपराधी निकला है। उसने अपने मामा शिवप्रसाद पटेल पुत्र रामप्रसाद पटेल निवासी बगहिया थाना कोतवाली कर्वी के साथ दुर्दांत मारे गये डकैत बलखडिया गैंग से तथागत परमार के अपहरण की साजिश रची थी। कर्वी कोतवाल एके मिश्रा ऐसे आजन्म कारावास के जुर्म के आरोपी को नाजायज सहयोग कर रहे हैं।

बालकृष्ण बायो प्लांटेक की जिले समेत पडोसी जिले कौशाम्बी व मप्र के रीवां जिले में सैकडों लोगों को पेड लगाने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया, तो खोजबीन में बालकृष्ण बायो प्लांटेक के डायरेक्टर विनोद पटेल के शातिर अपराधी होने का खुलासा हुआ। बताया गया कि मऊ थाने में सात मई 2015 को विनोद पटेल पुत्र चुनबाद पटेल निवासी जबरापुर फतेहगंज जिला बांदा व शिव प्रसाद पटेल पुत्र रामप्रसाद पटेल निवासी बगहिया थाना कोतवाली कर्वी के खिलाफ मऊ थानाध्यक्ष शिवबचन सिंह ने सिपाही शौकत खां व अरुण कुमार पाण्डेय के साथ एवरग्रीन इन्फ्राबोल्ड प्रालि विश्वास खण्ड गोमतीनगर लखनऊ के मऊ में स्थित प्लाट पर पहुंचे। वहां मौजूद विनोद पटेल से पूंछा तो उसने अपना नाम-पता उक्त बताया। उसके पास वही मोबाइल फोन मिला, जिससे तथागत परमार के अपहरण की योजना बनी थी। मौके पर पुलिस के सामने विनोद पटेल ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि 20 दिसम्बर 2014 को कम्पनी में ज्वाइन किया था। 19 अप्रैल 2015 को उसके सीनियर तथागत परमार ने रिलाइन देने की बात कही। इससे क्षुब्ध होकर उसने अपने मामा शिवप्रसाद पटेल के साथ



मिलकर तथागत परमार के अपहरण की योजना बनाई। समय रहते पुलिस के इन दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजने से तथागत परमार का अपहरण होने से बच गया था।

जेल से छूटने के बाद भी विनोद पटेल ने आपराधिक गतिविधियों से नाता नहीं तोडा। उसने बालकृष्ण बायो प्लांटेक कम्पनी बनाकर जिले समेत आसपास के जिलों में पेड लगाकर लोगों को लाखों की आमदनी का ख्वाब दिखाकर ठगी का कारोबार शुरू कर दिया। अब तक उसने कौशाम्बी, चित्रकूट व रीवां जिले में तमाम लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना चुका है। इसके बाद भी कर्वी कोतवाल एके मिश्रा कह रहे हैं कि ये मामला जालसाजी का नहीं है। विनोद पटेल के खिलाफ धारा 420 एवं 406 का कोई आरोप नहीं बनता है, जबकि विनोद पटेल सीधे अपनी पत्नी के खाते में लोगों से धनराशि लेकर ठगी के कारोबार में लिप्त है। भुक्तभोगियों ने पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला से मांग की है कि शातिर अपराधी किस्म के विनोद पटेल के पूरे गैंग के खिलाफ गम्भीर धाराओं में रिपोर्ट दर्जकर इसे तत्काल जेल भेजा जाये, ताकि भोलेभाले लोग इसकी ठगी के शिकार होने से बच सकें।

# भाकपा ने सभाकर दिया धरना

## दर-दर भटक रहे बेरोजगारः अमित यादव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा ने प्रान्तीय आवाहन पर तहसील मुख्यालय कर्वी में सरकार विरोधी नारे लगाकर जिला सचिव का अमित यादव की अगुवाई में धरना प्रदर्शन कर सभा की। सभा बाद एसडीएम सदर राजबहादुर को 19 सूत्रीय राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को सभा की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक का रामप्रसाद सिंह ने कहा कि बुलडोजर प्रणाली अपराध रोकने को नहीं, राजनैतिक दुश्मनी निभाने को चलाई जा रही है। जल्द क्रूरतम प्रणाली को बन्द किया जाये। जिला सचिव का अमित यादव ने कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार ने आम जनता को परेशानी में खडा कर दिया है। देश के नवजवान बेरोजगारी से दर-दर भटक रहे हैं। किसान गरीबी की कगार पर खडा है। मजदूर, दलित, महिला, अल्पसंख्यक उत्पीडन के शिकार हो रहे हैं। किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपे ज्ञापन में कहा कि अतिवृष्टि एवं सूखे से प्रभावित



किसानों को दो हजार रुपये प्रति एकड की दर से धनराशि दी जाये। किसानों को समय से खाद दिलाकर कालाबाजारी पर रोक लगाई जाये। बिजली के कनेक्शन आवंटन में रिश्वतखोरी बन्द की जाये। जमीनों के रजिस्ट्री शुल्क हटाये जायें। नगर क्षेत्र में हाउस टैक्स वापस लिया जाये। मनरेगा में पारदर्शी व्यवस्था की जाये- आदि मांगें शामिल रहीं।

सभा में का रविकिरन, संदीप पाण्डेय, उदयभान सिंह, श्रीपाल प्रजापति, राजेन्द्र, सुशील, अमरनाथ, रेवतीरमण, सुनीता, बेलिया ने सम्बोधित किया। इस मौके पर हनुमान, रमाकान्त, सोनू, रामचन्द्र, शिवनरेश, अरुण पाल, शारदा प्रसाद, राजेन्द्र यादव, किशोरा, दिनेश आदि मौजूद रहे।

### मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने आंगनबाड़ी केंद्र थाना का किया निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज द्वारा ब्लाक सिकन्दरपुर सिरोसी के गोद लिए गए आंगनबाड़ी केन्द्र थाना का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उनके द्वारा विभागीय भवन में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र थाना-5 में कुपोषित बच्ची चांदनी पुत्री हरिश्चन्द्र का वजन व लम्बाई का संज्ञान लिया गया। और अन्य बच्चों के कुपोषण के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शालापूर्व शिक्षा को बढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र में सेम द्वारा प्राप्त करायी गयी सामाग्री के बारे में जानकारी ली गयी एवं बच्चों के अभिभावक द्वारा नियमित पोषाहार मिलने का सत्यापन किया गया। इसी क्रम में सीडीओ द्वारा प्राथमिक विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र थाना-3 में 6 माह के बच्चे संस्कार का अन्नप्राशन कराया गया। प्रा. वि. अंग्रेजी माध्यम में मिड-डे मील का निरीक्षण किया गया। तथा किचेन शेड में बच्चों के बैठ कर खाना खाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। रेन वाटर हारवेस्टिंग के लिए खोदे गये गड्ढ़ों को तुरन्त बन्द कराने के लिए निर्देशित किया गया, जिससे की कोई दुर्घटना न घटने पाए।

# मायावी दल से सजग रहकर सपा लड़ेगी निकाय चुनावः अनुज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की अध्यक्षता में आगामी नगर निकाय के चुनाव को लेकर पार्टी के नेताओं के साथ बैठक हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सपा नगर पालिका एवं नगर पंचायत चुनाव गम्भीरता व मुस्तैदी से लडकर विरोधियों के क्रियाकलापों से सजग है, क्योंकि लडाई मायावी पार्टी से है।

बुधवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि निकाय चुनाव में सपा के सिपाही व नेता भाजपा का सफाया करेंगे। हर मुद्दे पर विफल योगी सरकार से ग्रामीण व शहरी जनता खासी परेशान है। सत्ता संरक्षित



अपराध चरम पर है। बेरोजगारी आजादी के इतिहास में सर्वोपरि है। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि जिले में कोई विकास हुआ है तो वह सपा सरकार की देन है। जनता अपना नेता अखिलेश यादव को मानती है। जनता निकाय चुनाव में सपा के पक्ष में मतदान करेगी।

बैठक में पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरीशंकर मिश्र, माता प्रसाद कुशवाहा, अनिल शर्मा, साहबलाल द्विवेदी, महासचिव फराज खां, सीताराम कश्यप, सुभाष पटेल, रामप्रसाद वर्मा, मनोज वर्मा, गोपाल साहू, प्रिंस केशरवानी, राधेश्याम निषाद, मनीष विश्वकर्मा, गया सविता, हिमांशु गुप्ता, राजाबाबू यादव आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 375 जोड़ों का विवाह संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**सफीपुर उन्नाव ।** जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 375 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। जिसमें सफीपुर विधानसभा में विधायक बंबा लाल दिवाकर, ब्लाक प्रमुख पति रमेश रावत, वीडियो गुलाबचंद, तथा एडीओ पंचायत छोटेलाल की मौजूदगी में दांपत्य जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों सहित अन्य लोग सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित स्थल महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में उपस्थित रहे। वहीं विधानसभा सदर में 31 विधानसभा भगवंत नगर में 41 विधानसभा पुरवा में 47 विधानसभा मोहान में 92 विधानसभा बांगरमऊ में 124 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।




सदर विधानसभा क्षेत्र में विधायक पंकज गुप्ता, जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, जिला समाज कल्याण अधिकारी, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र जिला प्रोबेशन अधिकारी, मनोज कुमार शुक्ल जिला समाज अधिकारी विकास जनपद लखनऊ ब्लाक प्रमुख बिछिया सरोसी, विधानसभा पुरवा में विधायक अनिल सिंह, विधानसभा मोहान में विधायक बृजेश रावत, बांगरमऊ में विधायक श्री श्रीकांत कटियार द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

### आगरा : महिला के साथ हुई चेन लूट की वारदात का हुआ खुलासा

**आगरा।** आगरा में चार दिसंबर को हुई चेन लूट की वारदात का खुलासा हो गया है। पुलिस ने इस मामले में शामली के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरा की मदद से दोनों युवकों की तलाश की। मामला आगरा के थाना न्यू आगरा के लायर्स कॉलोनी स्थित हेमा एनक्लेव का है। यहां बीती चार दिसंबर को ब्रजवासी स्वीट्स के मालिक अनिल कुमार के घर से ही उनकी पत्नी रीता के साथ चेन लूट की वारदात हुई थी। बीती चार दिसंबर को सुबह 9 बजे रीता घर की गैलरी में पौधों को पानी दे रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों में से एक युवक पता पूछने के बहाने घर में घुस आया।

# पुलिस ने तेलंगाना में कैद 22 मजदूरों को कराया मुक्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मानिकपुर थाना पुलिस ने कर्नाटक में बंधक बने 22 मजदूरों को सकुशल मुक्त कराया है।

बुधवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह व सरैंया चैकी प्रभारी चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने मानिकपुर ब्लाक के विजयनगर, कालीघाटी, सरैंया गांव के दो दर्जन से ज्यादा मजदूरों के कर्नाटक में फंसे होने की जानकारी पर तत्काल सम्पर्क कर उन्हें मुक्त कराया। बांदा जिले के कमासिन थाने के जाकी गांव का अजय यादव यहां से 37 मजदूरों को महाराष्ट्र के सोलापुर ले गया था। वहां मजदूरों से जबरन काम कराया




जाता था। 15 मजदूर तो किसी तरह से घर लौट आये। 22 मजदूर तेलंगाना के ठेकेदार दत्तात्रेयी अपने साथ लक्ष्मी सागर जिला संगारेड्डी तेलंगाना राज्य के एक फर्म में ले जाकर जबरन काम कराने लगा।

चैकी प्रभारी सरैंया ने ठेकेदार दत्तात्रेयी से वार्ता कर 22 मजदूरों को कार्य स्थल से मुक्त कराकर मानिकपुर स्टेशन बुलाया। रेलवे स्टेशन मानिकपुर में सभी मजदूरों को लेकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने मजदूरों को ले जाने वाले ठेकेदार की जांच करने के निर्देश दिये हैं। बंधुवा मजदूरों का गिरोह चलाने की जांच को कहा है।

# भाजपा की सरकार में गरीब कन्याओं को मिल रहा लाभः अशोक जाटव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाज कल्याण विभाग से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से 225 जोडों का सामूहिक विवाह हुआ। शुभारम्भ मऊ विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, सीडीओ अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने किया।

बुधवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में सामूहिक विवाह में विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने सभी वैवाहिक जोडों को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सभी अतिथि व प्रशासन इस विवाह का साक्षी है। प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है मुख्यमंत्री ने गरीब कन्याओं को लाभ दिया है। सभी के सुखमय जीवन की कामना की। सीडीओ अमृतपाल कौर ने कहा कि 225



नवविवाहित जोडों मुख्यमंत्री योजना से लाभान्वित हुए हैं। बौद्ध धर्मरीति से 12 जोडा एवं मुस्लिम रीति से एक जोडे का विवाह हुआ है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के जरुरतमन्दों की मदद को ये योजना शुरू की है। सरकार की ओर से 51 हजार रुपये खर्च किये जाते हैं। 35 हजार रुपये कन्या के खाते में नकद दिये जाते हैं। दस हजार रुपये कन्या के जेवर व छह हजार रुपये आयोजन में खर्च होते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि इससे लोगों की शादी में खर्चा कम होता है। सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर ने कहा कि जिले में एक अच्छी योजना चल रही है। इस मौके पर जिला स्तरीय अधिकारीगण व तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

## यूक्रेन को यूरोपीय संघ देगा 18 अरब यूरो की वित्तीय मदद, सर्दी में मिलेगी राहत

**ब्रसेल्स।** पिछले कई महीनों से लगातार रूसी हमलों को झेल रहे यूक्रेन के लिए बढ़ती ठंड के बीच एक राहत की खबर आई है। यूरोपीय संघ (ईयू) ने यूक्रेन को 18 अरब यूरो की सहायता देने की घोषणा की है।

यूरोपीय संघ यानी ईयू 18 अरब यूरो (18.93 अरब डालर) के वित्तीय पैकेज तथा वहां की बड़ी कंपनियों पर न्यूनतम कर लागू करने संबंधी समझौते पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गया है। इससे ईयू को ब्लाक व विद्रोही रुख अपना रहे उसके सदस्य हंगरी के बीच नाराजगी दूर करने में भी मदद मिलेगी। यूरोपीय संघ के 27 राजदूत सोमवार देर रात एक समझौते पर सहमत हुए। इसमें एक बड़ा हिस्सा हंगरी का होगा, जिसके लिए उसने वादा किया था, लेकिन ऐलान के अनुरूप आगे नहीं बढ़ सका था। इसके कारण ईयू के अन्य देश हंगरी पर नियमों को तोड़ने का



आरोप लगाने लगे थे। ईयू के मौजूदा अध्यक्ष चेक ने ट्वीट किया, 'मेगाडील!' यह डील अभी संभावित है, क्योंकि इस पर हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। हालांकि, इसकी राह में कोई बड़ी बाधा नजर नहीं आती।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पेरिस में जुटे सहयोगियों से कहा कि उनके देश को आपतकालीन ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए कम से कम 80 करोड़ यूरो की तत्काल जरूरत है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 70 देशों व संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक की मेजबानी कर रहे हैं, जिसमें अभी से लेकर मार्च तक जल, खाना, ऊर्जा, स्वास्थ्य व परिवहन व्यवस्था दुरुस्त रखने संबंधी उपायों पर चर्चा होनी है। मैक्रों ने उद्घाटन भाषण में कहा, 'युद्ध में यूक्रेन की बढ़त के बाद रूस ने कीव के नागरिक सेवाओं व बुनियादी ढांचों पर हमले शुरू कर दिए हैं।%

उन्होंने यूक्रेन को तत्काल 63 इलेक्ट्रिक जेनरेटर व 4.85 करोड़ यूरो उपलब्ध कराने का एलान किया। आर्थिक महाशक्तियों के समूह जी-7 ने यूक्रेन की सैन्य ताकत बढ़ाने और उसकी वायु रक्षा पर ध्यान केंद्रित करने पर विचार किया।

जेलेंस्की की अपील पर समूह सदस्यों ने यूक्रेन की तात्कालिक जरूरतों की पूर्ति का भरोसा भी दिया। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि उनके देश ने करीब 1.3 करोड़ डालर के ऊर्जा उपकरणों की पहली खेप यूक्रेन के लिए रवाना कर दी है। दो अन्य खेप भी इसी हफ्ते रवाना होंगी।

## ईरान में एक सप्ताह के भीतर दो लोगों को सरेआम फांसी देने पर और उग्र हुआ प्रदर्शन

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान में चल प्रदर्शनों पर नियंत्रण के लिए सरकार बेहद सख्ती कर रही है। वहां प्रदर्शनकारियों को सरेआम फांसी पर लटकाया जा रहा है। अमेरिका व यूरोपीय संघ ने ईरान में मानवाधिकारों का हनन करने वालों पर पाबंदी का ऐलान किया है। ईरान में लगातार सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। देश में महिलाओं के लिए सख्त ड्रेस कोड का विरोध करते हुए लोग सड़कों पर हैं। अब सरकार विरोध करने वालों को सरेआम फांसी की सजा दे रही है। पिछले एक सप्ताह में दो लोगों को फांसी दी जा चुकी है। यह पूरा आंदोलन महिलाओं पर जबरन ड्रेस कोड थोपे जाने का विरोध करने पर पुलिस हिरासत में महसा अमीनी की मौत के बाद शुरू हुआ था। पिछले सप्ताह मोहसिन शेखरी को फांसी पर लटका दिया गया था। इसके बाद अब एक अन्य प्रदर्शनकारी को



सरेआम मौत की सजा दी गयी है। एक सप्ताह के भीतर दो लोगों को सरेआम फांसी पर लटकाए जाने से विरोध प्रदर्शन और उग्र हो गए हैं। अमेरिका व यूरोपीय संघ के देशों सहित दुनिया भर में ईरान के मानवाधिकार हनन और दमन की आलोचना हो रही है। अमेरिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने मानवाधिकारों का हनन करने वालों पर पाबंदी लगाए जाने की जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इन पाबंदियों को विस्तार देने के लिए दुनिया भर के अन्य देशों के साथ समन्वय और गठबंधन किया है। यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों ने भी ईरान के बीस व्यक्तियों पर नए प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। साथ ही मानवाधिकार हनन पर एक इकाई को मंजूरी दी गई है।

## जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी से की मुलाकात

**संयुक्त राष्ट्र।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी से मुलाकात की और भारत की सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता के साथ जी20 अध्यक्षता के दौरान देश के लक्ष्यों पर चर्चा की। जयशंकर ने ट्वीट किया, ''संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी से न्यूयॉर्क में मिलकर अच्छा लगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अनुभाव, जी20 की अध्यक्षता के दौरान हमारे लक्ष्यों और बहुपक्षीय सुधारों की महत्ता पर चर्चा की।'' भारत दिसंबर महीने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष है और एक दिसंबर को उसने जी20 की अध्यक्षता भी संभाली थी। कोरोसी ने मुलाकात के बाद ट्वीट किया कि भारत के विदेश मंत्री से मिलकर ''हमेशा अच्छा लगता है।''कोरोसी ने कहा, '' भारत की जी20 अध्यक्षता और इस महीने उसकी सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता, संयुक्त राष्ट्र सुधारों आदि पर चर्चा की।'' जयशंकर ने जापान के विदेश मामलों के राज्य मंत्री यमादा केंजी से भी बातचीत की। जयशंकर ने ट्वीट किया, '' जी4 के सदस्य के तौर पर भारत और जापान बहुपक्षीय सुधार के लिए एकसाथ मिलकर काम करते हैं। आईजीएन प्रक्रिया को और आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा की।'' उनका इशारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए अंतर सरकारी वार्ता (आईजीएन) की ओर था। जयशंकर आतंकवाद रोधी और बहुपक्षीय सुधार से जुड़े दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शिरकत करने मंगलवार को न्यूयॉर्क पहुंचे। दिसंबर के अंत में 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के निर्वाचित सदस्य के रूप में भारत का दो साल का कार्यकाल समाप्त होने से पहले यह बैठकें हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने ट्वीट किया, ''संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मौजूदा अध्यक्षता के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अगवानी कर खुश हूं। मंत्री द्विपक्षीय व महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के अलावा संयुक्त राष्ट्र में भारत की कुछ बैठकों की अध्यक्षता करेंगे।''

## यूक्रेन की राजधानी कीव के सिटी सेंटर में विस्फोट

**कीव (यूक्रेन)।** यूक्रेन की राजधानी कीव स्थित सिटी सेंटर में बुधवार तड़के धमाकों की तेज आवाज सुनी गई। हालांकि, धमाकों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको ने जरूर कहा है कि शहर के मध्य शेवचेनकिवस्की जिले में बुधवार तड़के विस्फोट हुए हैं। उन्होंने कहा है कि धमाकों से करीब 20 मिनट पहले राजधानी और उसके आसपास के क्षेत्र में हवाई हमले के सायरन की चेतावनी दी गई थी। कीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेक्सी कुलेबा ने कहा कि वायु रक्षा प्रणालियां काम कर रही हैं। कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा है कि आपातकालीन सेवाएं भेजी गई हैं। पूरे विवरण की प्रतीक्षा है।

## संयुक्त राष्ट्र सोशल मीडिया पर नफरत और अफवाह फैलाने पर चिंतित

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र ने सोशल मीडिया नेटवर्क पर नफरत और अफवाह फैलाने पर चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि हम इस बात को लेकर बेहद चिंतित हैं कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से नफरत और दुष्प्रचार फैलाया जाता है।संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने यह टिप्पणी उस समय की है जब एलन मस्क की कंपनी ट्विटर ने अपनी ट्रस्ट एंड सेफ्टी काउंसिल को भंग कर दिया है। स्टीफन दुजारिक ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि यह सुनिश्चित करना सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी है कि ऐसा न हो। दुजारिक ने कहा कि महासचिव ने ट्विटर के नए तकनीकी बदलावों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

उल्लेखनीय है कि ट्विटर ने सोमवार को उत्पीड़न और बाल शोषण से निपटने के लिए जिम्मेदार कंपनी की ट्रस्ट एंड सेफ्टी काउंसिल को भंग कर दिया है। ट्विटर के मालिक एलन मस्क घोषणा कर चुके हैं कि ट्विटर पर अक्षरों की संख्या 280 से बढ़ाकर 4,000 की जा सकती है।


## नेपाल : सड़क हादसे में 13 की मौत व 20 घायल



**काठमांडू।** नेपाल में शाम को एक भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। यह हादसा कावरेपालनचोक जिले में हुआ। कावरेपालनचोक के एसपी ने बताया कि धार्मिक समारोह से आए लोगों को लेकर जा रही बस शाम करीब 6.30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें कम से कम 13 लोगों की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि 20 अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया है।

## तवांग में चीनी दुस्साहस पर भारत के साथ अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता

**वाशिंगटन/न्यूयार्क।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में बीते नौ दिसंबर को वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सैनिकों के दुस्साहस पर अमेरिका ने भारत के साथ होने की बात कही है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी भारत और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प को लेकर चिंता जताई है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में बीते नौ दिसंबर को वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प हो गई थी। भारत की ओर से बताया गया कि नुकीले डंडों और लाठियों से लैस 300 से अधिक चीनी सैनिकों ने भारतीय सीमा पर अतिक्रमण का प्रयास



किया, जिसे भारतीय सैनिकों ने असफल कर दिया। आमने-सामने होने के कारण भारतीय और चीनी सैनिकों को मामूली चोटें भी आई थीं। भारतीय सैनिकों के डटकर मुकाबला किये जाने के बाद दोनों पक्षों के तुरंत क्षेत्र से हटने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद वहां तैनात सैन्य अधिकारियों ने शांति बहाल करने के लिए इस मुद्दे पर चर्चा के साथ फ्लैग मीटिंग भी की थी। तवांग के इस घटनाक्रम में अब भारत को अमेरिका का साथ मिला है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के प्रेस सचिव पैट राइडर ने कहा कि अमेरिका अपने साझेदार (भारत) की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित करने के भारत के प्रयासों का पूरा समर्थन करने की बात भी कही।

इससे पहले अमेरिका ने बयान जारी कर स्थिति को नियंत्रण में रखने पर खुशी जाहिर की थी। साथ ही कहा था कि अमेरिका स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है। संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से भी इस मसले पर चिंता जताई गयी है। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत-चीन सीमा पर तनाव कम करने की बात कही है। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजैरिक ने कहा कि क्षेत्र में तनाव न बढ़ना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों से तनाव कम करने के लिए कहने की बात भी कही है।

## जयशंकर ने की जापान के विदेश राज्य मंत्री से मुलाकात

**न्यूयॉर्क।** भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को जापान के विदेश राज्यमंत्री यमादा केंजी से मुलाकात की। जयशंकर ने अपने ट्विटर हैंडल पर यह जानकारी सचित्र साझा की। जयशंकर ने लिखा कि यमादा केंजी के साथ अच्छी चर्चा हुई।

विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी से भी मुलाकात की। इस दौरान भारत के जी-20 अध्यक्षता लक्ष्यों और बहुपक्षवाद में सुधार के महत्व पर चर्चा की। अपने एक ट्वीट में जयशंकर ने कहा- न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र



महासभा के अध्यक्ष से मिलकर खुशी हुई। यूएनएससी अनुभव, हमारे जी-20 प्रेसीडेंसी लक्ष्यों और बहुपक्षवाद के महत्व पर चर्चा की। जयशंकर 14 और 15 दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र परिषद की भारत की अध्यक्षता में चल रहे दो उच्चस्तरीय मंत्रिस्तरीय हस्ताक्षर कार्यक्रमों की अध्यक्षता करने के लिए अमेरिका पहुंचे है। इस बारे में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने ट्वीट किया- 'भारत में चल रही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता के दौरान हमारे विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की अगवानी करने में खुशी हुई। जयशंकर द्विपक्षीय और महत्वपूर्ण साइड इवेंट्स के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र में हस्ताक्षर कार्यक्रमों की अध्यक्षता करेंगे।'

## भारत के अगले राजदूत के तौर पर एरिक गार्सेटी के नामांकन का सांसद ग्रासली ने किया विरोध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सांसद चक ग्रासली ने भारत के अगले राजदूत के तौर पर एरिक गार्सेटी के नामांकन का विरोध करते हुए साथी सांसदों से भी यही रुख अख्तियार करने की अपील की है। गार्सेटी (51) के कार्यालय के एक कर्मचारी पर यौन उत्पीड़न के ''गंभीर आरोप'' लगाए गए हैं। सीनेट में मंगलवार को ग्रासली का यह बयान ऐसे समय में आया, जब व्हाइट हाउस भारत में अमेरिकी



राजदूत के रूप में गार्सेटी के नाम की पुष्टि करने के अपने प्रयासों को तेज कर रहा है। भारत में अमेरिकी राजदूत का पद करीब दो साल से रिक्त है। लॉस एंजिलिस के पूर्व मेयर गार्सेटी को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का करीबी माना जाता है।ग्रासली ने कहा, '' भारत के राजदूत के तौर पर एरिक गार्सेटी के नामांकन का मैं कड़ा विरोध करता हूं। मैं लॉस एंजिलिस में उनके कार्यकाल के दौरान लगाए गए यौन उत्पीड़न और नस्लीय भेदभाव के गंभीर आरोपों के मद्देनजर गार्सेटी के खिलाफ वोट करने को मजबूर हूं।'' अमेरिकी सीनेट के अस्थायी अध्यक्ष ग्रासली ने अपने साथी सांसदों से कहा कि मेयर के तौर पर गार्सेटी के अपने कार्यालय में कई कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न की बात से वाकिफ होने और अपने उप चीफ ऑफ स्टाफ रिक जैकब्स की ऐसी गतिविधियों को नजरअंदाज करने जैसे गंभीर आरोपों को लेकर कई व्हिसलब्लोअर ने उनके कर्यालय से संपर्क किया था।

ग्रासली ने कहा कि उन्हें और उनके सहकर्मियों को इन आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए था। उन्होंने कहा, '' मैं होशो हवास में तो उनके समर्थन में वोट नहीं कर सकता। मैं अपने साथी कर्मियों से भी मेरी जांच में सामने आए सबूतों और मीडिया में आई खबरों पर गौर करने की अपील करता हूं। तथ्यों और सबूतों के आधार पर मैंने उनके समर्थन में वोट न करने का फैसला किया है और उम्मीद करता हूं कि मेरे सहकर्मी भी ऐसा ही करेंगे।''सांसद चक ग्रासले के कार्यालय में जांचकर्ताओं ने इस बात की तफ्तीश की है कि गार्सेटी एवं राजनीतिक सलाहकार रिक जैकब्स के सिटी हॉल में तथा उसके आसपास महिलाओं और पुरुषों के प्रति अनुचित व्यवहार के बारे में क्या जानते थे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत के अगले राजदूत के तौर पर गार्सेटी को पिछले साल नामित किया था। आंतरिक जांच के दौरान गार्सेटी के नाम की पुष्टि पर रोक लगा दी गयी थी।

## ब्राजील में चुनाव हारे बोलसोनारो के समर्थकों और पुलिस में झड़प, आगजनी

**ब्रासिलिया।** ब्राजील में हुए राष्ट्रपति चुनाव में वामपंथी नेता लूला डी सिल्वा की जीत के बाद अशांति है। इस चुनाव में पराजित जायर बोलसोनारो के समर्थकों का बवाल जारी है। अक्टूबर में हुए चुनाव में लूला को 50.9 फीसदी और बोलसोनारो को 48 फीसदी वोट मिले थे। इसके बाद बोलसोनारो के समर्थकों ने जमकर हिंसा और आगजनी की। पुलिस को हलका बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान झड़प के बाद समर्थकों ने वाहनों में आग लगा दी। पुलिस मुख्यालय पर हमला करने की कोशिश की।

ब्राजील के निर्वाचित राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने दक्षिणपंथी जायर बोलसोनारो पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है। लूला ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि निवर्तमान राष्ट्रपति ने अभी भी अपनी हार को स्वीकार नहीं किया है और सड़क पर



विरोध कर रहे इन फासीवादी कार्यकर्ताओं को उकसा रहे हैं। देशभर में सड़कों को ब्लॉक कर दिया गया है। इससे खाद्यान्न सामग्री और ईंधन की आपूर्ति रुक गई है।

साओ पाउलो में मेन हाइवे पर कब्जा जमाए बोलसोनारो के समर्थकों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल करना पड़ा है। बोलसनारो समर्थक ब्रासीलिया में कारों और बसों को आग के हवाले कर रहे हैं।

दरअसल लूला को 2017 में सरकारी तेल कंपनी पेट्रोब्रास में व्यापक ऑपरेशन कार वॉश जांच से उपजे आरोपों में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए दोषी ठहराए गया था। सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश ने मार्च 2021 में लूला की सजा को रद्द कर दिया था। इससे उनके लिए छठी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हुआ था।

*ब्राजील के निर्वाचित राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने दक्षिणपंथी जायर बोलसोनारो पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है।*

## उज्जैन के श्री महाकाल महालोक और महाकालेश्वर मंदिर से जियो ट्रू 5जी सेवा लॉन्च

**उज्जैन/मुंबई।** जियो ने मध्यप्रदेश में महाकालेश्वर मंदिर और श्री महाकाल महालोक में भगवान शिव को समर्पित करते हुए जियो ट्रू 5जी सेवा की शुरूआत की। बुधवार को एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जियो ट्रू 5जी और जियो ट्रू5जी पावर्ड वाई-फाई सेवा को लॉन्च किया।

जियो ने कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र में 5जी के फायदे बताते हुए जियो कम्युनिटी क्लिनिक और एआर-वीआर डिवाइस जियो ग्लास का डेमो भी दिया। इसके जरिए मध्यप्रदेश के लोगों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।